को देखे वह उसी जगह पहुचजाय जिससे एक सूरत दो न दिखलाई दे सो यह जगह मजमे उन्नूर है जहां एकही वस्तु दोनो आंखों से पहुंचती है जिस समय एक आंख की पुतली ऊपर आती है और दूसरी नीचे जाती है या एक ऊपर या नीचे हो और दूसरी अपनी निज दशा पर रहे तो एक चीज दो दिखलाई देती है और यह इस कारण से हुआ करता है कि जो दोदों पट्ठे भजमे उन्नूर में जाते है । वह एक दूसरे की सीधपर न जांय और इस कारण से लेपा की सूरत में उन पट्ठो के झुकजाने से जो वह आपस में मिलते है खराब होजांय और ऐसी सूरत होजाय कि जैसे एक वस्तु मजमउन्नूर अर्थात् प्रकाशके इकट्ठा होनेके स्थान में दो जगह से पहुंचती है अर्थात् एक पट्ठा ऊंची जगहसे चम्कता लाताहै और दूसरा पट्ठा नीची जगहसे इसी कारण से एक चीज दो दिखाई देती है यही कारण भेंड होने का है । अब हम मतलब की ओर लौटते है जो जानना चाहिये कि भेंडापन दो प्रकार का होता है एक तो यह कि जन्मसे ही हो और उसका इलाज नहीं । दूसरे यह कि पीछे उत्पन्न होजाय और जो भेंडापन कि नया उत्पन्न होता है वह बहुधा बालकों मे उत्पन्न होता है और कभी बड़ों में भी उत्पन्न होजाता है इस के दो भेद हैं पहला जो बच्चो में उत्पन्न होता है उसके तीन कारण हैं एक यह कि मिर्गी उत्पन्न होउस के कारण से दिमाग की झिल्ली खिचकर सिकुड़जाय और आंख के पर्दे और अन्य मुजब्बिफा भी खिंच जाय और एक आंख ऊपर की तरफ या नीचे की तरफ झुकजाय बहुधा यह दशा मृगी के चले जाने पर भी रही आती है । दूसरे यह कि दाइ बालक को लिटाने में और दूध पिलाने में नियम्य उपाय बर्तावमें लावे जैसे सदा एक तर्फ और एक करवट पर लिटावे और इसी रीति पर दूध पिलावे और इस कारण से कि लड़का दाई ओर आंख को तिरछी करके एक तरफ से बहुत ज्यादा तक देखता रहे तो वही सूरत उसकी आंख में ठहरकर जमजाती है तीसर यह कि कोई चिल्लाकर बोले या कोई अन्य भयकर शब्द हो जिससे एक साथ बच्चा डिर पश्चात् इस कारण से डर ओर आंख घुमाके देखने लगे और बहुत करके देखने में आंख उसी ओर फिरजाय जबतक उस ओर देखता रहे आराम पावे और जब उस ओर के विरुद्ध देखना चाहे तो कठिन मालूमहो क्योंकि पट्ठे और झिल्लियों के खिंचाव पर पहुंचाता है इस कारण से उसी सूरतपर ठहरजाती है (इलाज) जिस उपाय से आंख को आराम मिले वही काममें लावे और (इलाज) में शीघ्र करे क्योंकि बालकोंका (इलाज) उनके देह की नर्मी के कारण शीघ्र होसकता

में से कोई अदला ढीला होजाय अर्थात् उसमें ढिलढिलापन उत्पन्न हो और आंख का ढेला इस अदले की दूसरी ओर झुक जाय और ढीले होनेका चिन्ह और (इलाज) का वर्णन सिर के रोगोंमें होचुकाहै । तीसरे यह कि आंख के पर्दे और आंख की रतूबतें अपनी जगह से उनगाढी बादी के कारण से हट जाय कि जिनका निकलना और पचना कठिनहो और भिन्न २ गतियों की अधिकता से आंखके पर्दे और रतूबतों को हिलावें और जगह से हटा कर किसी तर्फ झुकावें उसका यह चिन्ह है कि आंख फड़का करै और कभी २ आंसू भी बहने लगें (इलाज) पहले पारजात और गोलियां देनी चाहियें जिससे उन आंख की रतूबतों को जो रिहा (अर्थात् हवा) उत्पन्न करते हैं दिमाग से निकाले और रिहा (अर्थात् हवा) को निकालने और पचाव के लिये गर्म पानी से सिकाव करें और मामीरा सौंफके पानी में पीसकर लेपकरें और जो मवाद आमाशय में हो और उस जगहसे दिमाग में जाकर रोग उत्पन्न करे तो आमाशय को वमन और दस्तों के द्वारा साफ करना चाहिये और गर्म जवारिशों के काममें लाने से रिहा (अर्थात्वादी) को तोड़ना चाहिये और कभी आंखके पर्दों और रतूबतों का अपनी जगह से हटजाना इस कारणसे होताहै कि निकम्मे बादी उत्पन्न करने वाले फोक रोगोंमें इकट्ठे होकर सबकिया में पहुंचे यह पर्दा अपनी जगह से ऊंचा होकर रतूबते जुजाजिया से मुकाबिला करै और रतूबत जजाजिया, रतूबते जुलैदिया से मुकाबिला करके उसको उस की जगह से हटादे इस कारण से भैंगापन उत्पन्न होता है ।

❀ बीसवां प्रकरण ❀

❀ रतौंध का वर्णन ❀

अशाका अर्थ सबकोरी और सबकोरीका अर्थ रतौंधा है और वह इस प्रकारकाहै कि रातके समय आंखकी ज्योतिबेकार होजाय यहां तककि तारागणों को भी न देख सके और दिनमें अपनी ठीक दशा पर आजाय और जब सूर्य अस्त होने लगे फिर आंख की ज्योति में निर्बलता मालूम होने लगे और कोई यह कहते हैं कि जिस समय रतौंध इस दर्जे को पहुंचे कि दिन को बादल होने के समय भी न देख सके उस समय उसका नाम अशा अर्थात् रतौंधी होता है इस रोग के तीन कारण हैं । एक यह कि देखनेवाली रूह जिसको रूह बासरा कहतेहैं गाढे और निकम्मे भाफ के परमाणुओं से मि-

में से कोई अदला ढीला होजाय अर्थात् उसमें ढिलढिलापन उत्पन्न हो और आंख का ढेला इस अदले की दूसरी ओर झुक जाय और ढीले होनेका चिन्ह और (इलाज) का वर्णन सिर के रोगोंमें होचुकाहै । तीसरे यह कि आंख के पर्दे और आंख की रतूबतें अपनी जगह से उनगाढी वादी के कारण से हट जाय कि जिनका निकलना और पचना कठिनहो और भिन्न २ गतियों की अधिकता से आंखके पर्दे और रतूबतों को हिलावें और जगह से हटा कर किसी तर्फ झुकावें उसका यह चिन्ह है कि आंख फड़का करे और कभी २ आंसू भी बहने लगें (इलाज) पहले यारजात और गोलियां देनी चाहियें जिससे उन आंख की रतूबतों को जो रिहा (अर्थात् हवा) उत्पन्न करते हैं दिमाग से निकाले और रिहा (अर्थात् हवा) को निकालने और पचाव के लिये गर्म पानी से सिकाव करें और मामीरा सौंफके पानी में पीसकर लेपकरें और जो मवाद आमाशय में हो और उस जगहसे दिमाग में जाकर रोग उत्पन्न करे तो आमाशय को वमन और दस्तों के द्वारा साफ करना चाहिये और गर्म जवारिशों के काममें लाने से रिहा (अर्थात्वादी) को तोड़ना चाहिये और कभी आंखके पर्दों और रतूबतों का अपनी जगह से हटजाना इस कारणसे होताहै कि निकम्मे वादी उत्पन्न करने वाले फोक रोगोंमें इकट्ठे होकर सबकिया में पहुचे यह पर्दा अपनी जगह से ऊंचा होकर रतूबते जुजाजिया से मुकाबिला करे और रतूबत जजाजिया, रतूबते जुलैदिया से मुकाबिला करके उसको उस की जगह से हटादे इस कारण से भेंगापन उत्पन्न होता है ।

❀ बीसवां प्रकरण ❀

❀ रतोंध का वर्णन ❀

अशाका अर्थ मचकोरी और मचकोरीका अर्थ रतौंधा है और वह इस प्रकारकाहै कि रातके समय आंखकी ज्योतिविकार होजाय यहां तकभि तारागणों का भी न देख सके और दिनमें अपनी ठीक दशा पर आजाय और कार सूर्य अस्त होने लगे फिर आंख की ज्योति में निर्बलता मालूम होने लगे और कोई यह कहते हैं कि जिस समय रतौंध इस दर्जे को पहुचे कि दिन को बादल होने के समय भी न देख सके उस समय उसका नाम अशा अर्थात् रतौंधी होता है इस रोग के तीन कारण हैं । एक यह कि देखनेवाली वा नस्को रूह वागरा पहुंचेहैं गाढे और निकम्मे भाफ के परमाणुओं से का-

भी ऐसी आंख की तर्फ जो देखे तो यह संदेह करे कि सब आंख काली हो गईहै और मुक्ते इनबिया के चौडे होजाने के समय जो आंखके भागों में प्रकाश नहीं दिखाई देता इसका यह कारण है कि आंख की ज्योति सब की सब सीधी आंख के तीसरे पर्दे के छेद से बाहर चली आती है और पीछे बाहर फैल जाती है और प्रगट है कि जब आंख की ज्योति आंख के तीसरे पर्दे के छेद से निकल आती है तो आंख के भागों में फैलना मालूम नहीं होता है परंतु अस्बे मुजव्विफा के चौडे होजाने में ज्याति आंख के भागों में फैलती है और छेद से सीधी बाहर नहीं निकलती इस लिये आंख के भागों में आंख की ज्योतिका फैल जाना मालूम हो यह अस्बे मुजव्विफाके चौडे होनके चिन्हों में से होता है और जो फैलना सबकिया पर्दे के हटजाने से होता है उसमें भी आंख की ज्योति बिलकुल जाती रहती है जैसा कि सबकिया पर्दे के रोगों में वर्णन किया गया है और सबकिया पर्दे के फैलने और प्रकाशवाही नलके फैलनेमें यह अन्तरहै कि सबकिया पर्दका फैलना एक साथ उत्पन्न होता है और अस्बे मुजव्विफा धीरे २ चौडा होता है। इस अध्याय का हम तीन विभागों में वर्णन करते है।

अस्बे मुजव्विफा अर्थात प्रकाशवाहीनलके चौडे होनेका वर्णन।

इस के चिन्हों का वर्णन होचुकाहै और प्रायः इस पट्ठ का फैलजाना दोषयुक्त दर्द सिरके पीछे जो बहुत कडा होताहै वा सरसामक पीछे वा मालीखोलिया (अर्थात् पित्ती और सूनी उन्माद) के उपरान्त उत्पन्न होता है और इसका यह कारण है कि गाढ दोष वा तेजभाफ के परमाणु आंखके प्रकाशवाहीनलमें आजाय और उसकी चौडाई में सौंचकर चौडाकरदें और कभी २ यों भी होताहै कि आंख के पाले पट्ठ उकाल के चौडे होजाने के साथ मुक्ते इनबिया न चौडा हुआहो और इस कारणसे कि दवाका असर अस्बे मुजव्विफातक पहुंचना बहुत कठिन है और आपसे भी ठीक नहीं होसकताहै इसलिये किताब शाफी अकबरके बनाने वालेने उसके विषयमें कहाहै कि यह किसी उपाय से अच्छा नहीं होता और अभिप्राय यह है कि जो कुछ निजूलुलमा (अर्थात् आंखमें पानी उतरआने) के आरंभन होसकताहै वही उस में गुण करता है

मुक्ते इनबिया के चौडे होनेका वर्णन।

इसके चार कारणहै एक यह कि कोई कारण बाहरसे हो जैसा चोट या धमाका आंखपर लगे और इसके कारणसे इनबिया कड़ा चारोंतरफ खिचजाय और आंखके तीसरे पर्दे का छेद

भी ऐसी आंख की तर्फ जो देखे तो यह संदेह करे कि सब आंख फाड़ी हो गईहै और मुकरे इनबिया के चौड़े होजाने के समय जो आंखके भागों में प्रकाश नहीं दिखाई देता इसका यह कारण है कि आंख की ज्योति सब की सब सीधी आंख के तीसरे पर्दे के छेद से बाहर चली आती है और पीछे बाहर फैल जाती है और प्रगट है कि जब आंख की ज्योति आंख के तीसरे पर्दे के छेद से निकल आती है तो आंख के भागों में फैलना मालूम नहीं होता है परंतु अस्बे मुजव्विफा के चौड़े होजाने में ज्योति आंख के भागों में फैलती है और छेद से सीधी बाहर नहीं निकलती इस लिये आंख के भागों में आंख की ज्योतिका फैल जाना मालूम हो यह अस्बे मुजव्विफाके चौड़े होनके चिह्नों में से होता है और जो फैलना सबकिया पर्दे के हटजाने से होता है उसमें भी आंख की ज्योति बिलकुल जाती रहती है जैसा कि सबकिया पर्दे के रोगों में वर्णन किया गया है और सबकिया पर्दे के फैलने और प्रकाशवाही नलके फैलनेमें यह अन्तरहै कि सबकिया पर्देका फैलना एक साथ उत्पन्न होता है और अस्बे मुजव्विफा धीरे २ चौड़ा होता है। इस अध्याय का हम तीन विभागों में वर्णन करते है।

अस्बे मुजव्विफा अर्थात प्रकाशवाहीनलके चौड़े होनेका वर्णन।

इस के चिन्हों का वर्णन होचुकाहै और भारी इस पठ्ठ का फैलजाना दोषयुक्त दर्द सिरके पीछे जो बहुत कड़ा होताहै वा सरसामक पीछे वा मागरा (अर्थात् पित्ती और खूनी सूजन) के उपरान्त उत्पन्न होता है और उसका यह कारण है कि गाढ दोष वा तेजभाफ के परमाणु आंखके प्रकाशवाहीनल में आजाय और उसका चौड़ाई में खींचकर चौड़ाकरदे और कभी २ यों भी होताहै कि आंख के पाले पठ्ठ उकाल के चौड़े होजाने के साथ मुकरे इनबिया न चौड़ा हुआहो और इस कारणसे कि दवाका असर अस्बे मजव्विफातक पहुंचना बहुत कठिन है और हाथसे भी ठीक नहीं होसकताहै इसलिये किताब शाफ्द असबाबके बनाने वाले उसके विषयमें कहाहै कि यह किसी उपाय से अच्छा नहीं होता और अभिप्राय यह है कि जो कुछ निजूलुल्मा (अर्थात् आंखमें पानी उतरआने) के आरंभ होनेहारपर कहै वही इस में गुण करता है

मुकरे इनबिया के चौड़े होनेका वर्णन।

इसके चार कारणहैं एक यह कि आई कारण बाहरसे हो जैसे चोट का लगना आंखपर हो और इसके कारण से इनबिया पर्दा चारोंतरफ खिंचजाय और आंखके तीसरे पर्दे का छेद

को बराबर लेकर सुखा लेवे और इन्द्रायन का गूदा, और सुम्बीनज और फर्फयून प्रत्येक साढे तीन माशे, उस में मिलाकर कुछ छान सौंफ के पानी में सान कर बत्ती अथवा सलाई बना लेवे । तीसरे यह कि रतूबतें बैजिया पुष्ट बढ जाय और सुरुबे इनबिया को कष्ट पहुंचावे और चौडा कर दे और यह रोग स्त्रियों और लडकियों में बहुत होता है । चौथे यह कि आंख का तीसरा परदा सूज जाय और सूजने के कारण से उस के भाग उसकी तरफ खिंचजाय और रतूबत बैजिया का बढना और आंख के तीसरे परदे का सूज जाना आंख के परदे के रोगो में लक्षण और इलाजों सहित वर्णन हो चुका है वहां देखना योग्य है । पांचवें यह कि इनबिया अर्थात् आंख का तीसरा पर्दा सूख जाय और इस कारण से किनारों की तरफ खिंच जाय और उसके कुछ भाग आपस में मिल जांय और आंख के छेद का घेरा अपने केन्द्र से दूर होजाय और यह रोग उस समय उत्पन्न होता है जब कि उस पर्द के किनारों में विशेष सूखापन बढजाय और उस का चिन्ह वही निर्बलता का चिन्ह है जिसका कारण सूखापन हो और उसका वर्णन किया जायगा अर्थात् जो आंख दुबली होजाय और भूख के समय वा बहुत परिश्रम और शोचादि के पीछे बढ जाय और उसका (इलाज) वही है जो कि खुश्की वाली आंख की निर्बलता में वर्णन किया जायगा । यह रोग अन्यरोगों की अपेक्षा दुःसाध्यहै । हकीम जालीनूस कहता है कि इनबिया के सब रोगों में से सूजन आदि अच्छे होने में उन रोगों से अधिक सहज है जो खुश्की से उत्पन्न हो और प्रगट है कि हर अंग में खुश्की पहुंचाने से सहज है तीसरी प्रकार का रोग शबकिया पर्दे के अपने स्थान से हट जाने से उत्पन्न होता है और उसका चिन्ह यह है कि आंख की ज्योति एक साथ जाती रहे और जो दूसरे कारण जो आंख की ज्योति को नष्ट करते हैं उनका चिन्ह न पाया जाय । इस रोग का (इलाज) नहीं है ॥

॥ तईसवां प्रकरण ॥

❀ जैक अर्थात् सबफह अखिया के सुकडने का वर्णन ❀

हकीम लोग इस रोग के विषय में अनेक प्रकार की विरुद्धता और वादानुवाद करते हैं परन्तु जिस पर सब पिछले हकीमों की एक सम्मति है वह यह है कि यह रोग २ प्रकार का है एक तो जन्म से ही सुकडापन और छोटा उत्पन्न हो और उसको प्राकृतिक वा सहज कहते हैं और यह बहुत उत्तम और श्रेष्ठ है क्योंकि इस में आंख की ज्योति का प्रकाश इकट्ठा रहता है और अपनी ज्योति को बढाता है । दूसरे यह कि जो जन्म लेने के उपरान्त होजाय

को बराबर लेकर सुखा लेवे और इन्द्रायन का गूदा. और सुम्बीनज और फरफयन प्रत्येक साढे तीन माशे, उस में मिलाकर पट छान सौंफ के पानी में सान कर बत्ती अथवा सलाई बना लेवे। तीसरे यह कि रतूबतें बैजिया पुष्ट बढ जाय और सुरूबे इनबिया को कष्ट पहुचावे और चौडा कर दे और यह रोग स्त्रियों और लडकियों में बहुत होता है। चौथे यह कि आंख का तीसरा परदा सूज जाय और सूजने के कारण से उस के भाग उसकी तरफ खिचजाय और रतूबत बैजिया का बढना और आंख के तीसरे परदे का सूज जाना आंख के परदे के रोगो में लक्षण और इलाजों सहित वर्णन हो चुका है वहां देखना योग्य है। पांचवें यह कि इनबिया अर्थात् आंख का तीसरा पर्दा सूख जाय और उस कारण से किनारों की तरफ खिंच जाय और उसके कुछ भाग आपस में मिल जांय और आंख के छेद का घेरा अपने केन्द्र से दूर होजाय और यह रोग उस समय उत्पन्न होता है जब कि उस पर्द के किनारों में विशेष सूखापन बढजाय और उस का चिन्ह वही निर्बलता का चिन्ह है जिसका कारण सूखा पन हो और उसका वर्णन किया जायगा अर्थात् जो आंख दुर्बल होजाय और भूख के समय वा बहुत परिश्रम और शोकादि के पीछे बढ जाय और उसका (इलाज) वही है जो कि खुश्की वाली आंख की निर्बलता में वर्णन किया जायगा। यह रोग अन्यरोगों की अपेक्षा दुःसाध्यहै। हकीम जालीनूस कहता है कि इनबिया के सब रोगों में से सूजन आदि अच्छे होने में उन रोगों से अधिक सहज है जो खुश्की से उत्पन्न हो और प्रगट है कि हर अंग में खुश्की पहुंचाने से सहज है तीसरी प्रकार का रोग शबकिया पर्द के अपने स्थान से हट जाने से उत्पन्न होता है और उसका चिन्ह यह है कि आंख की ज्योति एक साथ जाती रहे और जो दूसरे कारण जो आंख की ज्योति को नष्ट कर देते हैं उनका चिन्ह न पाया जाय। इस रोग का (इलाज) नहीं है॥

॥ तईसवां प्रकरण ॥

❀ जैक अर्थात् सबक्ह अखिया के सुकडने का वर्णन ❀

हकीम लोग इस रोग के विषय में अनेक प्रकार की विरुद्धता और वादानुवाद करते हैं परन्तु जिन पर सब पिछले हकीमों की एक सम्मति है वह यह है कि यह रोग २ प्रकार का है एक तो जन्म से ही सुकडापन और छोटा उत्पन्न हो और उसको प्राकृतिक वा सहज कहते हैं और यह बहुत उत्तम और श्रेष्ठ है क्योंकि इस में आंख की ज्योति का प्रकाश इकट्ठा रहता है और उसकी ज्योति को बढाता है। दूसरे यह कि जो जन्म लेने के उपरान्त होजाय

यह रोग वृद्धापन में और गरम सरसाम अर्थात् दिमागकी सूजनके उपरांत बहुत उत्पन्न होता है और इसका यह चिन्ह है कि आंख छोटी होजाय और खुश्कीके चिन्ह प्रगट हों और पहले उपाय इसपर साक्षी हो और इसरोगवाले को मनुष्योंका स्वरूप न दिखाईदे किन्तु परछाहींके समान आवे और इसका इलाज वही है जो मुक़द्दमे इनविषयोंके खुश्की से उत्पन्न होनेवाले सेरु रोग में वर्णनकर आये हैं इसरोगमें तर चीजों को काममें लाना चाहिये। (चौथ) यह कठोर और गाढ़ा दोष आंखके छेदके भीतर इकट्ठा होजाय और उसजगह ठहरजाय उसका यह चिन्ह है कि हकीमको आंखका छेद न दिखलाई दे इसका इलाज यहहै कि दिमागको साफ़ और स्वच्छकरें और तरी पहुंचावें। और ध्यानदेवें जिससे कच्चा दोष निकलनेके योग्य होजाय (लाभ) जानना चाहिये कि हकीमोंकी इसविषयमें विरुद्धता है कि तरी और खुश्की आंख के तीसरे पर्देके छेदके छोटे होनेका कारणहो कोई यह कहते हैं कि इसदशा में आंखकी ज्योतिकी निर्बलताका यह कारण है कि आंखका छोटा होना अप्राकृतिक कारणों मेंसेहै और शेखने कहा है कि इसके कारण पानी करनिया अर्थात् आंख के दूसरे पर्देका सूखजाना है जो उसको इकट्ठा करता है और आंख के छेद को सकोड़ देता है वा छोटाकरदेता है वा बंद कर देता है या रतूबतहै यानमीहै जो आंखके दूसरे पर्दे को किनारों से बीचकी तरफ खींचता है और आंख के छेद को छोटा करदेतीहै वा आंखकी रतूबत बैज़ियामें विशेष खुश्की होनेके कारण यह कम होजाती है और उसके साथ आंख का पर्दा दुबला होकर सुकड़जाय और प्रगट है कि जिस समय आंखका दूसरा पर्दा तरी अथवा खुश्की के साथ इकट्ठा होकर इस रीति पर सुकड़ जाय कि आंख के तीसरे पर्दे के छेद की दूरी में सिकुड़न पैदा करे तो इसका छेद भी सुकड़ जाता है और जब आंख के दूसरे पर्दे के भाग यहां तक सुकड़ जाय कि आंखके तीसरे पर्दे या जो उस के गिर्द है अपने साथ इकट्ठा करले तो इस दशा में उचित है कि आंख के दूसरे पर्दे में गाढ़ापन और सिकुड़न पड़ जायगी जैसा कि खुश्की की हालत में उत्पन्न होता है। प्रगट है कि आंख के दूसरे पर्दे के साफ़ न होनेसे आंख की ज्योतिमें हानि पहुंचतीहै और रतूबतें जलीदिया बरफसारीकी तरह जो ठीक २ उसी से रखती है और इस दशा में रोगी जिस वस्तु को देखता है वह उसको बादल वा धुआ छाया हुआ मालूम होता है यही आंख की दृष्टि

यह रोग वृद्धापन में और गरम सरसाम अर्थात् दिमागकी सूजनके उपरांत बहुत उत्पन्न होता है और इसका यह चिन्ह है कि आंख छोटी होजाय और खुश्कीके चिन्ह प्रगट हों और पहले उपाय इसपर साक्षी हो और इसरोगवाले का मनुष्योंका स्वरूप न दिखाई किन्तु परछाहींके समान आवे और इसका इलाज वही है जो सुकूने इनबियाके खुश्की से उत्पन्न होनेवाले लैक राग में वर्णनकर आये है इसरोगमें तर चीजों को काममें लाना चाहिये। (चौथ) यह कठोर और गाढा दोष आंखके छेदके भीतर इकट्ठा होजाय और उसजगह ठहरजाय उसका यह चिन्ह है कि हकीमको आंखका छेद न दिखलाई दे इसका इलाज यहहै कि दिमागको साफ और स्वच्छकरें और तरी पहुंचावें। और ध्यानदेवे जिसमें कच्चा दोष निकलने के योग्य होजाय (लाभ) जानना चाहिये कि हकीमोंकी इसविषयमें विरुद्धता है कि तरी और खुश्की आंख के तीसरे पर्देके छेदके छोटे होनेका कारणहो कोई यह कहते हैं कि इसदशा में आंखकी ज्योतिकी निर्बलताका यह कारण है कि आंखका छोटा होना अस्वाभाविक कारणों मेंसेहै और शेखने कहा है कि इसके कारण पानी करनिया अर्थात् आंख के दूसरे पर्देका सूखजाना है जो उसको इकट्ठा करता है और आंख के छेद को सिकोड़ देता है वा छोटाकरदेता है वा बंद कर देता है या खुश्कहै या तरीहै जो आंखके दूसरे पर्दे को किनारों से बीचकी तरफ खींचता है और आंख के छेद को छोटा करदेताहै या आंखकी रतूबत बैजियामें विशेष खुश्की हो जाके प्रमाण यह कम होजाती है और उसके साथ आंख का पर्दा दुबला होकर सुकड़जाय और प्रगट है कि जिस समय आंखका दूसरा पर्दा तरी अथवा खुश्की के साथ इकट्ठा होकर इस रीति पर सुकड़ जाय कि आंख के तीसरे पर्दे के छेद को इस में सिकुड़न पैदा करे तो इसका छेद भी सुकड़ जाता है और जब आंख के दूसरे पर्दे के भाग यहां तक सुकड़ जाय कि आंखके तीसरे पर्दे या जो उस के नीचे है अपने साथ इकट्ठा करले तो इस दशा में उचित है कि आंख के दूसरे पर्दे में गाढापन और सिकुड़न पड़ जायगी जैसा कि बुढापे में अक्सर समय में उत्पन्न होता है। प्रगट है कि आंख के दूसरे पर्दे के साफ न होनेसे आंख की ज्योतिमें हानि पहुंचतीहै और स्वच्छ जलादिक वस्तुओंके प्रकाशकी को ठीक २ देखने से रोकती है और इस दशा में रोगी जिस वस्तु को देखता है वह उसको बादल सा धुआं छाया हुआ मालूम होता है यहां आंख की दृष्टि

पडे तो खयालात भी कम होजांय अर्थात् रंग बिरंगी सूरतें कम दिखलाईदें और यह किसी प्रकार का रोग नहीं है परन्तु ज्ञानशक्ति के निकम्मे और बेकार होजाने के कारण से इसको इलाज या उपाय से दूर करते हैं। दूसरा यह कारण है कि आंख के परदों में कोई रोग उत्पन्न हो जैसे आंख के दूसरे पर्दे में चेचक के चिन्ह से वा आंख के दूखने से गाढापन उत्पन्न करने वाली सर्दी के कारण चिन्ह पैदा होजांय यद्यपि वे चिन्ह बहुत छोटे होने के कारण से आंखमें दिखलाई न दें परन्तु इस कारण से कि वे उक्त पर्दे की सफाई को भीतर से नष्ट करतेहैं तो वह जितना बडा होता है उतना निगाह को ढक लेता है और इस चिन्ह को जितना प्रमाण वा त्रिकोन, चौकोन वा पंच पटकोन आदि जैसी सूरत होगी आदमी वैसाही ध्यान करेंगे और निगाहके साम्हने वैसीही सूरत दिखाई देंगी और इसका यह चिन्ह है कि उक्त कारण पहले होचुके और भांति २ की सूरतें बहुत काल तक दिखलाईदे और कोई दूसरा कष्ट न दिखाईदे और भोजनों के कारण से उनमें अधिकता और न्यूनता भी न हुई हो। तीसरा यह कारण है कि तरी में किसी प्रकार का रोग उत्पन्न होय यह चार प्रकार से होता है एक यह कि रतूबतें बैंजिया का भाग अपने आप रंग बिरंगी सूरतों का कारण हो (दूसरा) यह कि सर्द तर दुष्ट प्रकृति अपने गाढापन और भारीपनके कारण से आंख के भागों में उत्पन्न होकर इसकी तरी पवित्रता और सफाई को बदलदें। (तीसरे) यह कि बलवान् गरमी आंख की तरी में इस तरह पर आजाय कि आंखकी तरी उबलने लगे और आंखकी तरी में मिलजाय और उसका गाढापन झाग की सूरत होकर सफाई को नष्ट करदे। चौथे यह कि सर्दी, खुश्की और तरी समस्त आंख की तरी को गाढा करके जमादें और उसकी पवित्रता नष्ट होजाय। इस प्रकार का चिन्ह यह है कि इनके कारणों का पहले होजाना साक्षी हो जैसे पहले गर्मी के कारण से पहली आंखका पर्दा खुल जाय वा कोई ऐसा कारणजो सर्दी तरी गर्मी वा खुश्की पहुंचाने वाला हो काम पड़े जैसाकि आंखकी रतूबतों अर्थात् तरीके रोगों में हमने वर्णन किया है और यह रोग अटकल से जाना जाताहै मुख्य करके जो आंखका दूसरा पर्दा साफ और गुप्तहो और उसमें धुन्धुलेपनका कोई चिन्ह प्रगट न हो और इसके सिवाय आंख के साम्हने उड़ती हुई धूल दिखलाईदें और उनमें घटाव बढाव नहो और किसी तरी हानि के कारण भी न हों यह भी इस प्रकारके लक्षणहैं॥ चौथा यह कारणहै कि

पडे तो खयालात भी कम होजांय अर्थात् रंग बिरंगी सूरतें कम दिखलाईदें और यह किसी प्रकार का रोग नहीं है परन्तु ज्ञानशक्ति के निकम्मे और बेकार होजाने के कारण से इसको इलाज या उपाय से दूर करते हैं। दूसरा यह कारण है कि आंख के पर्दों में कोई रोग उत्पन्न हो जैसे आंख के दूसरे पर्दे में चेचक के चिन्ह से वा आंख के दूखने से गाढापन उत्पन्न करने वाली सर्दी के कारण चिन्ह पैदा होजांय यद्यपि वे चिन्ह बहुत छोटे होने के कारण से आंखमें दिखलाई न दें परन्तु इस कारण से कि वे उक्त पर्दे की सफाई को भीतर से नष्ट करतेहैं तो वह जितना बडा होता है उतना निगाह को ढक लेता है और इस चिन्ह को जितना प्रमाण वा त्रिकोन, चौकोन वा पंच पटकोन आदि जैसी सूरत होगी आदमी वैसाही ध्यान करेंगे और निगाहके साम्हने वैसीही सूरत दिखाई देंगी और इसका यह चिन्ह है कि उक्त कारण पहले होचुकेहैं और भांति २ की सूरतें बहुत काल तक दिखलाईदें और कोई दूसरा कष्ट न दिखाईदे और भोजनों के कारण से उनमें अधिकता और न्यूनता भी न हुई हो। तीसरा यह कारण है कि तरी में किसी प्रकार का रोग उत्पन्न होय यह चार प्रकार से होता है एक यह कि रतूबतें बैंजिया का भाग अपने आप रंग बिरंगी सूरतों का कारण हो (दूसरा) यह कि सर्द तर दुष्ट प्रकृति अपने गाढापन और भारापनके कारण से आंख के भागों में उत्पन्न होकर इसकी तरी पवित्रता और सफाई को बदलदे। (तीसरे) यह कि बलवान् गरमी आंख की तरी में इस तरह पर आजाय कि आंखकी तरी उबलने लगे और आंखकी तरी में मिलजाय और उसका गाढापन झाग की सूरत होकर सफाई को नष्ट करदे। चौथे यह कि सर्दी, खुश्की और दो गरम आंख की तरी को गाढा करके जमादे और उसकी पवित्रता नष्ट होजाय। इस प्रकार का चिन्ह यह है कि इनके कारणों का पहले होजाना साक्षी हो जैसे पहले गर्मी के कारण से पहली आंखका पर्दा बन जाय वा कोई ऐसा कारणका जो सर्दी तरी गर्मी वा खुश्की पहुंचाने वाला हो काम पडे जैसाकि आंखकी रतूबतों अर्थात् तरीके रोगों में हमने वर्णन किया है और यह रोग अटकल से जाना जासकताहै मुख्य करके जो आंखका दूसरा पर्दा साफ और शुफ्फाफहो और उसमें खुरदुरापनका कोई चिन्ह प्रगट न हो और इसके सिवाय आंख के साम्हने उडती हुई चीज दिखलाईदें और उनमें ज्यादा घटाव नहो और किसी तरी हानि के कारण भी न हों यह भी इस प्रकारके लक्षणहैं॥ चौथा यह कारणहै। कि

क्योंकि कोई कोई रगें ऐसी छिपी होती हैं कि उनका काटना और दाग देना उचित नहीं सो मूल से माद्दा रह गया हो तो उचित है कि इन छिपी हुई रगों के दाग चढ़ जाय । और रगों के काटने और रगों के दाग देने की विधि लाभ और हानि सहित आधासीसी के वर्णन में कही गई है । दूसरा यह कि रगें गर्म खून से भरजांय फिर आपस में भिचजांय और लाल भाफ के परमाणु उन से उठ कर दद में मिल जांय उसका यह चिन्ह है कि सिर निबल होजांय और कभी कभी आग की लौ सी आंखों के सामने दिखलाई दें (इलाज) पहले फस्द खोलें और खून अधिक निकालें और फस्द खोलने के उपरान्त प्रकृति को उन चीजों से जो खून के उबाल को बुझाता है नर्म करें और जो चीजें खून को बढ़ाती हैं जैसे मांस, मिठाई और बहुत भोजन से बचें और इस प्रकार के इलाज में सुस्ती न करें क्योंकि खून दिल की दोनों खोल में जापड़ता है और बेहोशी उत्पन्न करता है फिर गले में सूजन और मृत्यु का कारण होता है और कभी वह खून दिमाग की खोल में जा गिरता है और सक्ता अर्थात् मुर्दे की दशा उत्पन्न करता है । सो उचित है कि इलाज में जल्दी करें और फस्द खोलने से पहले दस्त लाने वाली औषध न करें और खून थोड़ा न निकाले जिस से मल को हिलावें और उसके अच्छी तरह न निकलने से इन कष्टों में न पड़े । तीसरे यह कि कफ की तरी जो मीठी और साफ हो वह आमाशय में उत्पन्न हो फिर दिमाग के अगले भाग में या आंख या सिर में आकर इकट्ठी होजांय और जिस समय कि आदमी सोने या आराम या उठे उस उठने और कफ वाले मल को हिलाने और दौर के रंग के अनुसार भाफ के परमाणु उस से निकलें और आंखों [illegible] ऐसा [illegible] कि कोई सफेद वस्तु रुई हुई नीचे आती है [illegible] आती है [illegible] तक चौर की हरकत या और आंख के मलने [illegible]

उस समय तक यह वस्तु [illegible] देगी (इ[illegible]

तथा दिमाग का माद्दा [illegible] करे

मांस घी के साथ सौंफ का [illegible] से

यह है इन कारणों से जो [illegible]

के कारण हैं और इसी प्रकार [illegible]

के मुख्य भाग गदले होजांय [illegible]

[illegible] का यह चिन्ह है कि दांई [illegible]

क्योंकि कोई कोई रगें ऐसी छिपी होती हैं कि उनका काटना और दाग देना उचित नहीं सो भूल से मादा रह गया हो तो उचित है कि इन छिपी हुई रगों के दाग पड़ जाय । और रगों के काटने और रगों के दाग देने की विधि लाभ और हानि सहित आधासीसी के वर्णन में कही गई है । दूसरा यह कि रगें गर्म खून से भरजांय फिर आपस में भिचजांय और लाल भाफ के परमाणु उन से उठ कर रह में मिल जांय उसका यह चिन्ह है कि सिर निबल होजांय और कभी कभी आग की लौ सी आंखों के सामने दिखलाई दें (इलाज) पहले फस्द खोलें और खून अधिक निकालें और फस्द खोलने के उपरान्त प्रकृति को उन चीजों से जो खून के उबाल को बुझाता है नर्म करें और जो चीजें खून को बढ़ाती हैं जैसे मांस, मिठाई और बहुत भोजन से बचें और इस प्रकार के इलाज में सुस्ती न करें क्योंकि खून दिल की दोनों खोल में जापड़ता है और बेहोशी उत्पन्न करता है फिर गले में सूजन और खुरखुरा का रण होता है और कभी वह खून दिमाग की खोल में जा गिरता है और सक्ता अर्थात् मुर्दे की दशा उत्पन्न करता है । सो उचित है कि इलाज में जल्दी करें और फस्द खोलने से पहले दस्त लाने वाली औषध न करें और खून थोड़ा न निकालें जिस से मल को हिलाने और उसके अच्छी तरह न निक लने से इन कष्टों में न पड़े । तीसरे यह कि कफ की तरी जो मीठी और साफ़ हो वह आमाशय में उत्पन्न हो फिर दिमाग के अगले भाग में या आंख या सिर में आकर इकट्ठी होजांय और जिस समय कि आदमी धोवे या आंख या मले उस ठंडे और कफ वाले मल को हिलावे और तरी के रंग के अनुसार भाफ के परमाणु उस से निकलें और आंखों [illegible] ऐसा [illegible] कि कोई सफेद वस्तु मुंदी हुई मीन आती है [illegible] पाती है [illegible] तक छींक की हरकत या और आंख के मलने [illegible]

उस समय तक यह वस्तु [illegible] देगी (इ[illegible]
तथा दिमाग का मादा [illegible] करे
मांस घी के साथ सोंफ [illegible] से
यह है इन कारणों से जो [illegible]
के कारण हैं और इसी प्रकार
के कुछ भाग गदले होजांय [illegible]
[illegible] यह चिन्ह है कि दाई [illegible]

और सम्पूर्ण वादीकी चीजों से बचता रहे तथा स्त्री संगम और रातका खाना छोड़देवे (लाभ) खयालात (अर्थात् आंखके सामने भुनगा आदि दिखाई देना) का दूसरा भेद जो आंखकी ज्योति के साथ संबंध रखता है जैसा कि पदार्थीं का छोटा दिखाई देना और इसके विरुद्ध और समीप से दूरकी अपेक्षा अच्छा दिखाई देना या इसके विरुद्ध। जब कि ये सब आंखकी ज्योति की निर्बलता के भेदों में से इस लिये आंखकी दृष्टि की निर्बलता के प्रकरण में इनका वर्णन किया जायगा॥

पच्चीसवां प्रकरण॥

नजले का वर्णन।

जानना चाहिये कि इस रोग में हकीमों की बहुत कहावतें हैं परंतु जिस को हकीम शैखबूअली सेनाने और उसके मानने वालों ने गृहण किया है वह यह है कि एक ऊपरी रतूबत अर्थात् तरी है जो सिर से उतर कर आंख के तीसरे पर्दे के छेद में आती है और करनिया पर्दे तथा रतूबतें बैजिया के बीच में ठहर जाती है और क्योंकि यह आंख का छेद ऐसा मार्ग है कि प्रकाश की किरणों का निकलना और रूप रंग का आना इसी रास्ते से होता है सो जब कि उक्त तरी अर्थात् ऊपरी रतूबत इस मार्ग को बंद कर देती है सो जितने मार्ग के भागबंद होंगे उतना ही आंख की ज्योति नष्ट होती जायगी जैसे जो सब आंख के छेद को घेर लेवे तो सब दृष्टि नष्ट हो जायगी और जो पानी कुछ भागों में होगा और कुछ उससे खाली होंगे तो खुली हुई तरफ से देख सकता है और इस ऊपरी रतूबत के उतर आने की दशा में एक दूसरे के विरुद्ध होती है कभी तो यह निजूलकुमाय अर्थात् नजला मंडल की तरह आंख के छेद के घेरे को रोक लेता है और इसका मध्य खाली रहता है सो जिस चीज को ध्यान करके सन्मुख से देखे तो इसका बीच दिखाई देता है और किनारे नहीं देख सकता और कभी बीच को दबा देता है और घेरा खुला रहता है इस दशामें सन्मुख से जिन चीजोंको देखता है उनका बीच नहीं दिखाई देता परन्तु आंखके ढेले के फटने से देख सकता है इस कारण से आंख के छेद का खुला हुआ भाग देखी हुई चीजों के सामने हो जाता है और कभी यह रतूबत अर्थात् तरी पतली होती है इस दशा में यद्यपि कर आंख के छेद को रोक लेती है परन्तु पतले होने के कारण धूपे और दीपक के प्रकाश को देखने से और जगमगाती हुई चीजों के देखने से अधिक नहीं

और सम्पूर्ण वादीकी चीजों से बचता रहे तथा स्त्री संगम और रातका खाना छोडदेवै (लाभ) सपालात (अर्थात् आंखके सामने भुनगा आदि दिखाई देना) का दूसरा भेद जो आंखकी ज्योति के साथ संबंध रखता है जैसा कि बडीचीज का छोटा दिखाई देना और इसके विरुद्ध और समीप से दूरकी अपेक्षा अच्छा दिखाई देना या इसके विरुद्ध । जब कि ये सब आंखकी ज्योति की निर्बलता के भेदों में से इस लिये आंखकी दृष्टि की निर्बलता के प्रकरण में इनका वर्णन किया जायगा ॥

पच्चीसवां प्रकरण ॥

नजले का वर्णन ।

जानना चाहिये कि इस रोग में हकीमों की बहुत कहावतें हैं परंतु जिस को हकीम शैखबूअली सेनाने और उसके मानने वालों ने गृहण किया है वह यह है कि एक ऊपरी रतूबत अर्थात् तरी है जो सिर से उतर कर आंख के तीसरे पर्दे के छेद में आती है और करनियां पर्दे तथा रतूबतें बैजिया के बीच में ठहर जाती है और क्योंकि यह आंख का छेद ऐसा मार्ग है कि प्रकाश की किरणों का निकलना और रूप रंग का आना इसी रास्ते से होता है सो जब कि उक्त तरी अर्थात् ऊपरी रतूबत इस मार्ग को घेर कर रहती है तो जितने मार्ग के भागबंद होंगे उतना ही आंख की ज्योति नष्ट होती जायगी जैसे जो सब आंख के छेद को घेर लेवो सब दृष्टि नष्ट हो जायगी और जो पानी कुछ भागों में होगा और कुछ उससे खाली होंगे तो खुली हुई तरफ से देख सकता है और इस ऊपरी रतूबत के उतर आने की दशा में एक दूसरे के विरुद्ध होती है कभी तो यह निजूलकुमाय अर्थात् नजला मकल की तरह आंख के छेद के घेरे को रोक लेता है और इसका मध्य खाली रहता है सो जिस चीज को ध्यान देकर सन्मुख से देखे तो इसका बीच दिखाई देता है और किनारे नहीं देख सकता और कभी बीच को दबा लेता है और घेरा खुला रहता है इस दशामें सन्मुख से जिन चीजोंको देखता है उनका बीच नहीं दिखाई देता परंतु आंखके ढेले के फटने से देख सकता है इस कारण से आंख के छेद का खुला हुआ भाग देखी हुई चीजों के सामने हो जाता है और कभी यह रतूबत अर्थात् तरी पतली होती है इस दशा में यद्यपि यह आंख के छेद को रोक लेती है परन्तु पतले होने के कारण धूपे और दीपक के प्रकाश को देखने से और जगमगाती हुई चीजों के देखने से अधिक नहीं

अन्तर असबये मुजविफा के गाठ और नजले के मध्य में है वह हम वर्णन करेंगे और जो गांठ और आंख में पानी उतर आना गिरपड़ने या चोट के लगने के कारण से होता है वह एकसाथ होजाताहै। दूसरे यह कि देह में गाढ़े दोष भरजांय और उन दोषों की तरियों में से भाफ के परमाणु निकलकर धीरे २ आंख के छेद में आजांय और जब इस भाफ के परमाणु से आगे के भाग दूर होजांय और यहां अधिक हों तो भाफ के परमाणुओं की दशा गाढ़ी रतूबत की सूरत बनजावेगी और दृष्टि को नष्ट करेंगी। तीसरे यह कि सिर दर्द अधिक और देर तक ठहरने वाला सिर में उत्पन्न हो जाय और कष्ट की अधिकता से दोषों को गर्म करदे और अंगों को दुर्बल करदे फिर थोड़ी सी दुष्ट तरी रग और असबये मुजविफा के द्वारा आंख की तरफ उतर आवे। (चौथे) यह कि वमन बहुत आवे और इस कारण से वमन होने में छेद चौड़े होजाते हैं और दोष इधर उधर फिरने लगते हैं इस लिये थोड़ी सी रतूबत आंख की तरफ उतर आवे और यह भी अचानक हो जाता है। (पांचवें) यह कि विशेष जाड़ा और प्रकृति की सर्दी इस रोग का कारण हो जैसा कि कोई मनुष्य बर्फ और जाड़े में फंसा हुआ हो तो उस को यह उत्पन्न होजाय। छठे यह कि देखने वाली शक्ति निर्बल होजाय और यह बुड्ढों को और उन लोगों कि बहुत बीमारी से उठते हैं उनको उत्पन्न होजाता है। जानना चाहिये कि प्रत्येक कारण को उसकी पहिली दशा से पहचान सकते हैं और जहां कहीं एक साथ उत्पन्न होजाय तो अन्तर करने वाले चिन्हों की वहां कुछ आवश्यकता नहीं जो धीरे २ उत्पन्न हो तो इसके आरम्भ होने के चिन्ह वर्णन करदेना अवश्य है जिससे रोगके दृढ़ होजाने से पहले उपाय किया जाय। आरम्भ में आंख में पानी उतर आने का यह चिन्ह है कि खयालात जैसे मच्छड़ मक्खियां भुनगे बाल या अन्य वस्तु दृष्टि में अनुसार दिखाई दें और इस कारण से कि कभी यह खयालात जैसे मच्छड़ और मक्खी आदि का दिखाई देना मेदे के प्रकोप होते हैं और कहीं तो दूसरे कारणों से जिनका सरसाम के प्रकरण में वर्णन किया है बहुधा होजाते हैं इससे उचित हुआ कि इसकी भी अच्छी तरह मालूम करने के लिये उन खयालातका जिनसे नजूलेका भय होता है और उनका अन्तर भी वर्णन किया जायगा और उनमें जो कारण से अन्तर होता है। एक यह कि जो पाजात (फ़ासिद) अर्थात् वहीं बातें बहुधा एक आंख में होजाते हैं और

अन्तर असवये मुजलिफा के गाठ और नजले के मध्य में है वह हम वर्णन करेंगे और जो गांठ और आंख में पानी उतर आना गिरपने या चोट के लगने के कारण से होता है वह एक साथ होजाताहै। दूसरे यह कि देह में गाढ़े दोष भरजांय और उन दोषों की तरियों में से भाफ के परमाणु निकलकर धीरे २ आंख के छेद में आजांय और जब इस भाफ के परमाणु से आगे के भाग जुड़ होजांय और यदि अधिक हो तो भाफ के परमाणुरी दशा गाढ़ी रतूबत की सूरत बनजावगी और दृष्टि को नष्ट करेगी। तीसरे, यह कि सिर दर्द अधिक और देर तक ठहरने वाला सिर में उत्पन्न हो जाय और कष्ट की अधिकता से दांतों को गर्म करद और अंगों को दुर्बल करद फिर थोड़ी सी दुष्ट भरी रग और असवये मुजलिफा के द्वारा आंख की तरफ उतर आवे। (चौथे) यह कि वमन बहुत आवे और इस कारण से वमन होने में छेद चौड़े होजाते हैं और दोष इधर उधर फिरने लगते हैं इस लिये थोड़ी सी रतूबत आंख की तरफ उतर आवे और यह भी अचानक हो जाता है। (पांचवें) यह कि विशेष जाड़ा और प्रकृति की सदी इस रोग का कारण हो जैसा कि कोई मनुष्य बर्फ और जाड़े में फंसा हुआ हो तो उस को यह उत्पन्न होजाय। छठे यह कि देखने वाली शक्ति निर्बल होजाय और यह बुढ़ों को और जो लोग कि बहुत बीमारी से उठते हैं उनको उत्पन्न होजाता है। जानना चाहिये कि प्रत्येक कारण को उसकी पहिली दशा से पहचान सकते हैं और जहां कहीं एक साथ उत्पन्न होजाय तो अन्तर करने वाले चिन्हों की वहां कुछ आवश्यकता नहीं जो धीरे २ उत्पन्न हो तो उसके आरम्भ होने के चिन्ह वर्णन करदेना अवश्य है जिससे रोगके दृढ़ होजाने से पहले उपाय किया जाय। आरम्भ में आंख में पानी उतर आने का यह चिन्ह है कि ख्यालात जैसे मच्छर मक्खियां भुनगे बाल या अन्य वस्तु इस के अनुसार दिखाई दें और इस कारण से कि कभी यह ख्यालात जैसे मच्छर और मक्खी आदि का दिखाई देना नजले के प्रारम्भ होते हैं और यही तो दूसरे कारणों से जिनका वर्णन ख्यालात के प्रकरण में वर्णन किया है बहुधा होजाते हैं इससे उचित हुआ कि इसमें भी अच्छी तरह भेद बताने के लिए इन ख्यालातका जिनसे नजलेका भय होता है और उनका अन्तर भी वर्णन किया जायगा और उन में थोर कारण से अन्तर होता है। एक यह कि माउलअस्ल (मुकाविरा) अथात् गाढ़ी बाढ़े बहुधा एक आंख में होजाते हैं और

करना चाहिये तथा अयारजात और गोलियों से (शबयार) (अर्थात्) (दस्तावर गोलियां है जिन को रात को खाते है) के वेग पर सिर को स्वच्छ करे और इस बीच में पकाव की रक्षा भी उचित समझें अर्थात् बिना पकाव के मवाद को न निकाले और मवाद के पकाने वाली और दस्तलाने वाली दवाओं के काम मे लाने में रोगी की प्रकृति और शक्ति की रक्षा करना उचित है इस लिये कि गर्म दवाओं की अधिकता से कोई दूसरा कष्ट न उत्पन्न होजाय और जहां कहीं शक्ति बलवान् हो तो दस्तों की दवा लगातार देना चाहिये और नहीं तो सात दिन में एक बार अयारजे फैकरा का काढ़ा अफ्तीमून के साथ देवे । और भोजनों में से रूखे खाने जैसे चकोर और लवाका मांस सूखा और भुना हुआ कलिया और गेहूं की रोटी जिस में भुसी मिली हुई हो या अन्य ऐसी ही वस्तु देवे और भोजनों के भीतर दालचीनी, सातर, तुलसी, नाजा, और हरी सौंफ, कांजी का पानी काम में लावे और जब मवाद के निकल जाने के उपरान्त जो चीजें कि पानी को साफ करने वाली और सुखाने वाली हों जैसे शयाफ मिरामीत और बासलीकून अर्थात् सुरमा और ऐसी ही अन्य दवा आंख में लगावें और हकीम लोग कहते हैं कि आंवले नील के बीज को सुरमे की तरह आंख में लगावे तो उसको पानी से बचा रखता है और अच्छा कर देता है और जो गोलियां कि इस रोग में खिलाई जाती हैं उचित है कि इन को बड़ी जल्दी चबावें जिस से आमाशय में अधिक ठहरें और बहुत ठहरने के कारण से भाफ को दिमाग से अच्छी तरह नीचे उतार देवें। प्रकट हो कि दिमाग के रोग और जो रोग कि दिमाग से सम्बन्ध रखते हैं उनके दूर करने के लिये आमाशय की सफाई, पवित्रता और उसका उपाय करना अधिक लाभदायक है क्योंकि दिमाग के सामने आमाशय है और उसके रोग और बिगड़जाने से दिमाग में तथा अन्य अंगों में जो उस से सम्बन्ध रखते हैं उपद्रव हो जायगा और जिस रोगी को अधिक गर्मी पहुंचने का भय हो तो इत्रीफल अयारज के साथ पुष्ट किया हुआ अधिक लाभदायक है और जानना चाहिये कि छींक लाने वाली दवायें यद्यपि इस रोग में लाभदायक हैं परन्तु उन को काम में लाना भय से खाली भी नहीं है क्यों कि और भी उपद्रव बहुत करती हैं और इस कारण से असम्भव नहीं कि आंख में पानी उतर आने की सहायता करें परन्तु जिस रोगी के दोषों में गर्मी न हो और मवाद भी आवश्यकतानुसार निकल गया हो तो

करना चाहिये तथा अयारजात और गोलियों से (शबयार) (अर्थात्) (दस्तावर गोलियां हैं जिन को रात को खाते हैं) वे वग पर सिर को स्वच्छ करें और इस बीच में पकाव की रक्षा भी उचित समझें अर्थात् बिना पकाव के मवाद को न निकालें और मवाद के पकाने वाली और दस्तलाने वाली दवाओं के काम में लाने में रोगी की प्रकृति और शक्ति की रक्षा करना उचित है इस लिये कि गर्म दवाओं की अधिकता से कोई दूसरा कष्ट न उत्पन्न होजाए और जहां कहीं शक्ति बलवान् हो तो दस्तों की दवा लगातार देना चाहिये और नहीं तो सात दिन में एक बार अयारजे फैकरा का काढा अन्जरूत के साथ देवे । और भोजनों में से सूखे खाने जैसे चकोर और लवाका मांस सुना और भुना हुआ कलिया और गेहू की रोटी जिस में भुसी मिली हुई हो या अन्य ऐसी ही वस्तु देवे और भोजनों के भीतर दालचीनी, सातर, तुलसी, राजा, और हरी सोंफ, कांजी का पानी काम में लावे और सब मवाद के निकल जाने के उपरान्त जो चीजें कि पानी को साफ करने वाली और सुखरा करने वाली हों जैसे शयाफ मिरागत और बासली कूल अर्थात् सुरमा और ऐसी ही अन्य दवा आंख में लगावें और हकीम लोग कहते हैं कि जो नील के बीज को सुरमे की तरह आंख में लगाए तो उसको पानी न बढा रखता है और अच्छा कर देता है और जो गोलियां कि इस रोग में खिलाई जाती हैं उचित है कि इन को बड़ी करी बनावें जिस से आमाशय में अधिक ठहरें और बहुत ठहरने के कारण से मवाद को दिमाग से अच्छी तरह नीचे उतार सकें । प्रकट हो कि दिमाग के रोग और जो रोग कि दिमाग से सम्बन्ध रखते हैं उनके दूर करने के लिये आमाशय की सफाई, पवित्रता और उसका उपाय करना अधिक लाभदायक है क्योंकि दिमाग के सामने आमाशय है और उसके रोग और बिगड़जाने से दिमाग में तथा अन्य अंगों में जो उस से सम्बन्ध रखते हैं उपद्रव हो जायगा और जिस रोग को अधिक गर्मी बढ़जाने का भय हो तो इत्रीफल अयारज के साथ पुष्ट किया हुआ अधिक लाभदायक है और जानना चाहिये कि छींक लाने वाली दवायें यद्यपि इस रोग में लाभ दायक हैं परन्तु उन को काम में लाना भय से खाली भी नहीं है क्यों कि और भी रचना बहुत पतली है और इस कारण से असम्भव नहीं कि आंख में पानी उतर आने की सहायता करें परन्तु जिस रोगी के दोनों में गर्मी न हो और मवाद भी आवश्यकतानुसार निकल गया हो तो

के वह होजाने का वर्णन चिन्हों और इलाज सहित तथा उन दोनों प्रकारके नजलों का अन्तर जो गांठ या बिना गांठ के होता है हम इस मकालाके अन्तमें वर्णन करेंगे और जो पानी आंख में उतर आवे और आंख बनने के योग्य नहीं तो अच्छे उपायों से आंख को बनाने के योग्य करलें तो फिर आंख में से पानी निकालें और किताब शरह असबाब के बनाने वाले ने कहा है कि अच्छे उपायों से सब प्रकारकी नजलेंवाली आंख बनाने के योग्य हो सकती है और जिसप्रकारसे आंख बनने और पानी निकालने के योग्य हो तो उसकी यह पहचान है कि सफेद साफ गाढ़ी और पतली नहो और जो बीमार को छींक आवे तो मालूम होकि एक प्रकाश के समान उसकी आंख से बाहर निकलताहै और जिससमय इस प्रकार के रोगकी आंख को मलें तो पानी के भाग बिखरे हुए दिखलाई दें और जो ऐसा नहो तो आंख बनने और पानी निकालने के योग्य नहीं होती जो आंख बनने के योग्य नहीं होती उसके बहुत भेद हैं और प्रत्येक का जैसा २ रंग और गाढ़ापन होता है उसी के अनुसार उसका नाम है जैसा एक तो (गमामी) है और वह एक रौशन अर्थात् तरी वाली बदली के समान है जो जला नहीं करती है। दूसरे (जैबकी) वह एक गोल रतूबत अर्थात् तरी पारे के समान है और यह चला करती है। तीसरे (जमदी) वह इस प्रकारकी है कि गम अर्थात् घुन के टुकड़े की सूरत दिखाई दे और आंख के छेद में मिलावट उत्पन्न करे और हरकत न करे और जाहिरे दूसरी आंख के [illegible] पानी में किसी तरहका अन्तर न मालूम हो। (चौथे आस्मानगुनी) यह इस प्रकारकी होती है कि इसका रंग आस्मान रंगे रंग के समान हो और यह पानी बहुधा हिलता नहीं और इस कारण से कि अपनी तेजी और गर्मी से रतूबत [illegible] को साफ करदेताहै उसका आरोग्य होना बहुत कठिन है इसलिये शरह असबाब बनानेवाले ने कहा है कि यह आंख बनाने और पानी निकालने से अच्छी नहीं होती। (पांचवें) मुन्तशिर रकीक अर्थात् पानी और फैली हुई रतूबत कि जो सम्पूर्ण नहो और उसमें टुकड़ा न पाई हो और यह पतली पानी नहो रोगी इस प्रकार में [illegible] कम देखताहै और कभी आंखकी [illegible] की हालतमें फिरे [illegible] और कभी [illegible] है और यह प्रकार [illegible] नहीं होता इसप्रकार आंख का बनाना अथवा पानी निकालना नहीं होसकता। छठे ([illegible]) अर्थात् पिघले हुए सीस के समान। सातवें ([illegible]) अर्थात् [illegible]

डालने से आंख का दर्द बढजायगा इस से उचित है कि जब तक अच्छी त रह पानी की जगह पकडने से दिलजमई न हो तब तक सलाई के निकाल ने में जल्दी न करे और बहुधा इनबिया अर्थात् आंख के तीसरे पर्दे की सिलवट चेपदार होती है इन कारण से पानी को बहुत कठिन से सींचती हैं और उचित है कि पानी बहुत गाढा या बहुत पतला हो और इस कारण से उसका दबाना और बैठजाना कठिन होता है और बहुधा यह भी होता है कि एकहीवार ऐसा बैठजाता है कि उसमें फिर लौट आने का भय नहीं रहता और बहुधा बहुत कठिन से दबता है और फिर आजाता है और जहां उसका लेजाना चाहते हैं सबका सब नहीं जाता इसीलिए हकीम लोग कहते हैं कि जो ऐसा हो और बहुत दुख और कष्ट दे तो सलाईको उसी तरह रहने दें और सलाईकी तेज नोक से आंखके कोये में जोरसे दबावे जिससे थोडा रुधिर निकल आवे और पानीको उस रुधिरके साथ दबाकर बैठासके और कभी २ बिना हकीम की इच्छा के थोडासा खून निकलआवे तो कुछ भय न करना चाहिये। किन्तु जो पानी कठिन से दबताया उसको उतने खूनके साथ दबाकर बैठादें जिससे खूनकी शक्ति पानीको आंखकी पोल के भीतर जलाकर नष्टकरदे और पानी को खूनके साथ बैठाने में दूसरा यह लाभ है कि जो खूनको न दबावे तो उसी जगह ठिठरकर रहजाय और इससे तुर्फेकी बीमारी उत्पन्न होजाती है और वह बहुत कठिनता से जाती है इससे उचित है कि पानी बैठने के समय रोगी न गले के मार्ग से स्वांसे न नाक के मार्ग से मलका सुडके और मुखकी लार निगल जाय जिससे पानी भीतरकी तरफ वह जाय और आधीन होजाय और पानी बैठा देने के पीछे सलाई को धीरे २ फिराकर वाहर निकाले और अंडे की जर्दी गुलाब के तेल के साथ औटाकर आंखकी पीठ पर रक्खे और जीरा चबाकर उसका निर्मल पानी आंख में डालें और दोनों आंखों को कसके बांध दें जो वाहर की तरफ आंख के कोये में खून दिखाई देता नमक पीसकर उसपर छिडक कर गद्दी स कसा बांध दें और रोगी को अंधेरे घर में लावें और कहदें कि चित्त लेटा रहे और सोने वालोंकी तरह पडा रहे और उसे बिलकुल हिलने न दे यदि किसी प्रकार की आवश्य कता हो तो सचेत ही बहुत है और छींक और खांसी से अपना तईं बचावे और जो छींक आने लगे तो नाकको हाथ से मल दे जिससे छींक रुक जाय और जो खांसी आनलगे जो जुल्लाव को बादाम के तेल में मिलाकर थोडा २ घोट करके पीवे और कनपटियों पर जो चीज ठंढी और अगकी शिथल कर-

डालने से आंख का दर्द बढजायगा इस से उचित है कि जब तक अच्छी त रह पानी की जगह पकडने से दिलजमई न हो तब तक सलाई के निकाल ने में जल्दी न करे और बहुधा इनबिया अर्थात् आंख के तीसरे पर्दे की सिलवट चेपदार होती है इस कारण से पानी को बहुत कठिन से खींचती है और उचित है कि पानी बहुत गाढा या बहुत पतला हो और इस कारण से उसका दबाना और बैठजाना कठिन होता है और बहुधा यह भी होता है कि एकहीवार ऐसा बैठजाता है कि उसमें फिर लौट आने का भय नहीं रहता और बहुधा बहुत कठिन से दबता है और फिर आजाता है और जहां उसका लेजाना चाहते हैं सबका सब नहीं जाता इसीलिये हकीम लोग कहते हैं कि जो ऐसा हो और बहुत दुख और कष्ट दे तो सलाईको उसी तरह रहने दें और सलाईकी तेज नोक से आंखके कोये में जोरसे दबावे जिससे थोडा रुधिर निकल आवै और पानीको उस रुधिरके साथ दबाकर बैठासके और कभी २ बिना हकीम की इच्छा के थोडासा खून निकलआवे तो कुछ भय न करना चाहिये। किन्तु जो पानी कठिन से दबताथा उसको उतने खूनके साथ दबाकर बैठादें जिससे खूनकी शक्ति पानीको आंखकी पोल के भीतर जलाकर नष्टकरदे और पानी को खूनके साथ बैठाने में दूसरा यह लाभ है कि जो खूनको न दबावे तो उसी जगह ठिहरकर रहजाय और इससे दुर्फेकी बीमारी उत्पन्न होजाती है और वह बहुत कठिनता से जाती है इससे उचित है कि पानी बैठने के समय रोगी न गले के मार्ग से स्वांसे न नाक के मार्ग से मलका सुडके और मुखको चार निगल जाय जिससे पानी भीतरकी तरफ बह जाय और आधीन होजाय और पानी बैठा देने के पीछे सलाई को धीरे २ फिराकर बाहर निकाले और अंडे की जर्दी गुलाब के तेल के साथ औटाकर आंखकी पीठ पर रक्खे और जीरा चबाकर उसका निर्मल पानी आंख में डालें और दोनों आंखों को कसके बांध दें जो बाहर की तरफ आंख के कोये में एन दिखाई देता नमक पीसकर उसपर छिडक कर गद्दी स कड़ा बांध दें और रोगी को अंधेरे घर में लावें और कहदें कि चित्त लेटा रहे और सोने वालोंकी तरह पड़ा रहे और उसे बिलकुल हिलने न दे यदि किसी प्रकार की आवश्य कता हो तो सचेत ही बहुत है और छींक और खांसी से अपना तईं बचावें और जो छींक आने लगे तो नाकको हाथ से मल दे जिससे छींक रुक जाय और जो खांसी आनलगे जो जुल्लाब को बादाम के तेल में मिलाकर थोरा २ घोट करके पीवे और कनपटियों पर जो चीज ठंढी और अगधी शिथल कार-

के लिये मुख्य है पानी को बाहर खींच लेते हैं परन्तु इस रीति में बहुत बड़ा भय है और वह यह है कि जो पानी गाढा होगा तो रतूबत बैजिया को अपने साथ बाहर खींच लावेगा इसी से सावधान करने के लिये हम ने इस विधि को लिख दिया है (हब्बुजहब अर्थात् सोने की गोली की बनानेकी विधि) ऐलवा पेंतीस माशे, बुब्रैद साढे चौबीस माशे, मस्तगी, गुलाब के फूल, प्रत्येक पौने नौ माशे, केसर पौने दो माशे, पीली हरड साढे सत्तरह माशे, सकमूनिया सवा बारह माशे। इस की मात्रा नौ माशे है। ये सब सात दवा हैं हकीम लोग रोगी की दशा और ऋतु के अनुसार इस को देवें तब वे तोल की न्यूनता अधिकता और दवाओं के बढाने घटाने के मालिक है। मवाद के निकालने वाली गोलियां ऊपर कई जगह लिख चुके है जैसा किताब के अंत में प्रत्येक नुसखे की जगह का और प्रत्येक लाभ का संकेत किया जायगा–। जिस मनुष्य को उन की जगह जाननी उचित हो तो किताब के अंत से ढूंढ के निकाल लें। (कन्तूरयून के काढे की विधि) कन्तूरयून बारीक (कन्तूरयून–दकीक) बुब्रैद सफेद अध कुचली हुई, प्रत्येक १०॥ माशे, बिस्फाइज अध कुचली हुई २४॥ माशे, मुशका बीज निकाली हुई सत्तर माशे, ये सब चार दवाई है इन को लेकर ५२५ माशे पानी में औटावे जब १७५ माशे बच रहे तब साफ करै और इस अयारज के पीछे पिलावे और जो अयारज इस काढे में मिला कर दें तो सब से उत्तम है ॥

❀ नजले पर परीक्षित माजून ❀

बच, लौंग, सोंठ, और सोंफ चारों बराबर लेकर कूट और छान कर साफ किये हुए शहद में सान लें मात्रा प्रति दिन प्रात काल के समय ४॥ माशे सेवन करे और जानना चाहिये कि दौना मरुवा, चमेली और कलौंजी सूंघना और ऐसे ही दौना मरुवा के तेल को सिर पर मलना लाभदायक है और जितनी दवाओं का वर्णन हुआ है वे सब रोग के आरम्भ में उचित है और रोगी की प्रकृति की गर्मी, सर्दी, तरी और खुश्की की रक्षा करनी योग्य है और मवाद के निकालने के पहले आंख में दवा का लगाना वर्जित है क्यों कि बिना मवाद के निकालने आमाशय आरोग्य नहीं होता किन्तु दवा के लगाने से रोग मे विशेष होजाने का भय है। पियाज का पानी शहद के साथ आंख में लगाना आंख को साफ कर देता है और ठंढा पानी पीना और लौंग खाना तथा लौंग को शहद के साथ आंख में लगाना लाभ दायक है। हकीम शैखबूअली सैना

के लिये मुख्य है पानी को बाहर खींच लेते है परन्तु इस रीति में बहुत बडा भय है और वह यह है कि जो पानी गाढा होगा तो रतूबत बैजिया को अपने साथ बाहर खींच लावेगा इसी से सावधान करने के लिये हम ने इस विधि को लिख दिया है (हब्बुजहब अर्थात् सोने की गोली की बनानेकी विधि) ऐलवा पेंतीस माशे, तुर्बुद साडे चौबीस माशे, मस्तगी, गुलाब के फूल, प्रत्येक पौने नौ माशे, केसर पौने दो माशे, पीली हरड साडे सत्तरह माशे, सकमूनिया सवा बारह माशे। इस की मात्रा नौ माशे है। ये सब सात दवा हैं हकीम लोग रोगी की दशा और ऋतु के अनुसार इस को देवें तब वे तोल की न्यूनता अधिकता और दवाओं के बढाने घटाने के मालिक है। मवाद के निकालने वाली गोलियां ऊपर कई जगह लिख चुके है जैसा किताब के अंत में प्रत्येक नुसखे की जगह का और प्रत्येक लाभ का संकेत किया जायगा-। जिन मनुष्य को उन की जगह जाननी उचित हो तो किताब के अंत से ढूंड के निकाल लें। (कतूरयून के काढे की विधि) कन्तूरयून बारीक (कन्तूरयून-दकीक) तुर्बुद सफेद अध कुचली हुई, प्रत्येक १०॥ माशे, बिस्फाइज अध कुचली हुई २४॥ माशे, मुनक्का बीज निकाली हुइ सत्तर माशे, ये सब चार दवाई है इन को लेकर ५२५ माशे पानी में औटावे जब १७५ माशे बच रहे तब साफ करे और इस अयारज के पीछे पिलावे और जो अयारज इस काढे में मिला कर दें तो सब से उत्तम है ॥

ॐ नजले पर परीक्षित माजून ॐ

बच, हींग, सोंठ, और सौंफ चारों बराबर लेकर कूट और छान कर साफ किये हुए शहद में सान लें मात्रा प्रति दिन प्रात काल के समय ४॥ माशे सेवन करे और जानना चाहिये कि दौना मरुवा, चमेली और कलौंजी सूघना और ऐसे ही दौना मरुवा के तेल को सिर पर मलना लाभदायक है और जितनी दवाओं का वर्णन हुआ है वे सब रोग के आरम्भ में उचित है और रोगी की प्रकृति की गर्मी, सर्दी, तरी और खुश्की की रक्षा करनी योग्य है और मवाद के निकालने के पहले आंख म दवा का लगाना वर्जित है क्यों कि बिना मवाद के निकालने आमाशय आरोग्य नहीं होता किन्तु दवा के लगाने से रोग के विशेष होजाने का भय है। पियाज का पानी शहद के साथ आंख में लगाना आंख को साफ कर देता है और ठंडा पानी पीना और हींग खाना तथा हींग को शहद के साथ आंख में लगाना लाभ दायक है। हकीम शैखबूअली सैना

न समा सके । इस वर्णन से आंख में पानी उतर आनेके कारणसे ज्योति के आन जाने का रास्ता बन्द हो अथवा न हो इन दोनों का पूरा अन्तर नहीं माळूम होता इस लिये कि जो रोगी की एक ही आंख है तो क्यों कर अन्तर माळूम कर सकेंगे फिर उचित है कि वह दवा और भोजन काम में लाये जावें कि जो एकसा पानी उत्पन्न करे और प्रकट है कि दूसरी आंख बन्द करने के समय जो आंख का छेद चौड़ा होता है तो उस का यह कारण है कि बन्द आंख की रूह खुली आंख की तरफ चली जाती है और ज्योति के आने जाने के छेद में इसी कारण से चौडाई दिखाई देती है और जब पानी का गाढ़ापन रूह के निकलने को जिस कारण से कि आंख का छेद चौडा दिखाई दे घांनेत हो तो इस दशा में आंख के छेद के चौडा न होने से आंख के पोले पट्ठ में जो ज्योति के रहने का स्थान है कभी नहीं कह सकते कि उसका रास्ता बन्द हो गया है इसी वास्ते इस में अर्थात् आंख में पानी उतर आने की दशा में ये सम्मति है कि आंख का पानी निकालना चाहे तो पहले दिमाग के साफ करने का उपाय करे और बन्द रास्ते के खोलने वाली चीज काम में लावे जिस से जो रास्ता बंद हो तो खुल जाय और आंख का पानी निकाला लाभ दे और कभी २ जो किसी अज्ञ अशचिकित्सक ने बिना गांठ को दूर किये नजले के पानी को निकाल दिया और उस को आंख के छेद से हटा दिया और फिर भी आंख की दृष्टि न खुले तो जान सकते हैं कि आंख के प्रकाश वाही नल का रास्ता बंद हो गया है और बहुत काल के पीछे अर्थात् जब आंख से पानी निकाले हुए इतना काल व्यतीत होजाय कि फिर रोगी की दवा से सफाई कर सके तो प्रकाशवाही नल की गांठ खोलने का उपाय करे जिस से आंख की दृष्टि खुल जाय (इलाज) पहले कोकाया की गाली अयारज फयकरा वा अन्य ऐसे ही दवा दूसरी वार मल के निकालने के लिये काम में लावें और आंख के रग की फस्द खोलें और कनपटियों पर जोंकें लगावे और मवाद को पांव की तरफ खींच ले ॥

॥ छब्बीसवां प्रकरण ॥

❀ जरका अर्थात् केंजी आंखों का वर्णन ❀

जिस मनुष्य की आंखों की पुतली बिल्ली के सदृश सफेद होती हैं उसे कंजी कहते हैं । यह दो प्रकार का होता है एक जन्म से, दूसरा जन्म पीछे

न समा सके । इस वर्णन से आंख में पानी उतर आनेके कारणसे ज्योति के आने जाने का रास्ता बन्द हो अथवा न हो इन दोनों का पूरा अन्तर नहीं मालूम होता इस लिये कि जो रोगी की एक ही आंख है तो क्यों कर अन्तर मालूम कर सकेंगे फिर उचित है कि वह दवा और भोजन काम में लाये जावें कि जो एकसा पानी उत्पन्न करे और प्रकट है कि दूसरी आंख बन्द करने के समय जो आंख का छेद चौड़ा होता है तो उस का यह कारण है कि बन्द आंख की रूह खुली आंख की तरफ चली जाती है और ज्योति के आने जाने के छेद में इसी कारण से चौड़ाई दिखाई देती है और जब पानी का गाढ़ापन रूह के निकलने को जिस कारण से कि आंख का छेद चौड़ा दिखाई दे थांभेत हो तो इस दशा में आंख के छेद के चौड़ा न होने से आंख के पोले पड़ में जो ज्योति के रहने का स्थान है कभी नहीं कह सकते कि उसका रास्ता बन्द हो गया है इसी वास्ते इस में अर्थात् आंख में पानी उतर आने की दशा में ये सम्मति है कि आंख का पानी निकालना चाहें तो पहले दिमाग के साफ करने का उपाय करे और बन्द रास्ते के खोलने वाली चीज काम में लावे जिस से जो रास्ता बंद हो तो खुल जाय और आंख का पानी निकालना लाभ दे और कभी २ जो किसी अज्ञ अक्षिचिकित्सक ने बिना गांठ को दूर किये नजले के पानी को निकाल दिया और उस को आंख के छेद से हटा दिया और फिर भी आंख की दृष्टि न खुले तो जान सकते हैं कि आंख के प्रकाश वाही नल का रास्ता बंद हो गया है और बहुत काल के पीछे अर्थात् जब आंख से पानी निकाले हुए इतना काल व्यतीत होजाय कि फिर रोगी की दवा से सफाई कर सकें तो प्रकाशवाही नल की गांठ खोलने का उपाय करै जिस से आंख की दृष्टि खुल जाय (इलाज) पहले कोकाया की गोली अयारज फयकरा वा अन्य ऐसे ही दवा दूसरी बार मल के निकालने के लिये काम में लावें और आंख के रग की फस्द खोलें और कनपटियों पर जोंकें लगावे और मवाद को पांव की तरफ खींच ले ॥

॥ छब्बीसवां प्रकरण ॥

❀ जरका अर्थात् कंजी आंखों का वर्णन ❀

जिस मनुष्य की आंखों की पुतली बिल्ली के सदृश सफेद होती है उसे कंजी कहते हैं । यह दो प्रकार का होता है एक जन्म से, दूसरा जन्म ऐन

प्रकार का चिन्ह है (इलाज) दिमागकी आरोग्यता के लिये बटेर और मुर गियों का मांस भूनकर वा चने और दालचीनी के साथ रांधकर सेवन करे और बानका तेल (बकायन) और चमेली का तेल नाकमें डालें और गर्म दवाई जो जड़ी बूटी हो उनके औटाएहुऐ पानी की भाफ ले और इस भफारे की यह विधि है कि जब पसीना लाना उचित होता है तो रोगी को एक चादर उ ढादेते हैं और जो दवा औटाएहुऐ पानीकी बनाई जाती है उसकी भाफरोगीके सब शरीर में देते हैं और कभी किसी खास आदि मुख्य अंग में देते हैं और शियाफ असफर तथा शियाफ अखजर आंख में लगाते हैं।

शियाफ असफर के बनाने की विधि।

इसका चिन्ह खिंचावट बोझका पसलियोंके नीचे मालूम होना और मुखपर लालीहै इसमें नाड़ी बड़ी शीघ्र और बारर चलती है श्वास विशेष गर्मी से आताहै और थूकमें लाली होती है हकीम किरशीने कहा है कि थूक का रंग मवाद को बताता है अर्थात् मवाद की लाली तो खून के कारणसे है पीला पन पित्तके कारण से और लाली और पीलापन रक्त पित्त के इकट्ठा होने से है और कालापन जो बाहर से कोई धूआं आदि उसको काला न करदे तो बादी के कारण से है और ऐसेही ज्वर की बारी का अधिकता से पहचान सकते हैं कि किस प्रकार का मवाद है (इलाज) आरम्भ में मवाद के कम करने के लिये और यहां से फेरदेने के लिये दूसरी तरफ से बासलीक की फस्द खोलें और तीसरे दिन पीछे फिर फस्द खोलें परन्तु उसी तरफ से जिससे जो मवाद उसी अंगमें ठहरा हुआ है निकलजाय और किर्मीर हकीम के समीप यह है कि दूसरी फस्द में इतना खून निकालें कि खूनमें कालापन प्रगट हो या बिलकुल काला निकलने लगे और जब ऐसा खून आने लगे और शक्ति सहायक होतो निकलने दें क्योंकि रोग का मवाद है और कोई बहुत खून निकालने के लिये आज्ञा नहीं देते और अति उत्तम यह है कि रोगी की दशा को देखें जो इस इलाज के लायक हैं तो इस में पहिले कि खून में कालापन प्रगट हो रग को बंद न करें परन्तु धीरे २ निकालें जिससे बेहोशी न हो जाय और जो शक्ति हीन हो और इस सूरत में कुछ कालापन प्रगट न हो तो जितना योग्य हो निकालें और बन्द करदें और कालापन की परीक्षा न करें और बहुधा ऐसा होता है कि मवादकी गर्मी एक दिन में विशेष न रहे इसी लिये किताब अक्सीर का बनाने वाला लिखता है कि पहिले दिन दूसरी तरफ से खून निकालें एक दिन रात के पीछे दूसरी तरफ से इस लिये कि दूसरी ओर की फस्द मवाद के ठहरने न देवे

मवाद प्रवेश नहीं होसक्ता परन्तु पसलियों का अस्वाभाविक सूजन में जो पसलियों के अजले के मध्य में होती है उन अजलों का सूजजाना उचित है जो केवल खूनसे उत्पन्न हो क्योंकि अजलों (मछलियों) के भाग नर्मी और कठोरता में विरुद्ध हैं इसकारण से उसमें केवल खून और बादी या खून और कफ का प्रवेश होना योग्य है इसी कारण से हम इसको चार भेदों में वर्णन करते हैं ।

पहिला भेद पसली की रक्तज सूजन का वर्णन ।

इसका चिन्ह खिंचावट बोझका पसलियोंके नीचे मालूम होना और मुखपर लालीहै इसमें नाडी बडी शीघ्र और बारर चलती है श्वास विशेष तंगी से आताहै और थूकमें लाली होती है हकीम किरशीने कहा है कि थूक का रंग मवाद को बताता है अर्थात् मवाद की लाली तो खून के कारणसे है पीला पन पित्तके कारण से और लाली और पीलापन रक्त पित्त के इकट्ठा होने से है औरकालापन जो बाहर से कोई धूआं आदि उसको काला न करदे तो बादी के कारण से है और ऐसेही ज्वर की बारी का अधिकता से पहचान सकते हैं कि किस प्रकार का मवाद है (इलाज) आरम्भ में मवाद के कम करने के लिये और यहां से फेरदेने के लिये दूसरी तरफ से बासलीक की फस्द खोलें और तीसरे दिन पीछे फिर फस्द खोलें परन्तु उसी तरफ से जिससे जो मवाद उसी अगमें ठहरा हुआ है निकलजाय और जिमीर हकीम के समीप यह है कि दूसरी फस्द में इतना खून निकालें कि खूनमें कालापन प्रगट हो या बिलकुल काला निकलने लगे और जब ऐसा खून आने लगे और शक्ति सहायक होतो निकलने दे क्योंकि रोग का मवाद है और कोई बहुत खून निकालने के लिये आज्ञा नहीं देते और अति उत्तम यह है कि रोगी की दशा को देखे जो इस इलाज के लायक है तो इस से पहिले कि खून में कालापन प्रगट हो रग को बंद न करें परन्तु धीरे २ निकालें जिससे बेहोशी न हो जाय और जो शक्ति हीन हो और उस सूरत में कुछ कालापन प्रगट न हो तो जितना योग्य हो निकालें और फस्द करदें और कालापन की परीक्षा न करें और बहुधा ऐसा होता है कि मवादकी गर्मी एक दिन में निकल न सके इसी लिये किताब अर्बाह का बनानेवाला लिखता है कि पहिले दिन दूसरी तरफ से खून निकालें एक दिन रात के पीछे दूसरी तरफ से इस लिये कि दूसरी ओर की फस्द मवाद के ठहरने के देखें

दूसरी फस्द के खोलने की आज्ञा सूनी में केवल इसलिये है कि खून दूर हो जाय सो जो बुद्धिमान हकीम यह जाने कि मवाद बहुत नहीं है और खिंच आने का भय भी नहीं है तो हो सक्ता है कि सूनी में भी आरम्भ में दूसरी ओर से फस्द खोलें प्रगट हो कि जब तक फस्द या दस्तों से मवाद न निकाला गया हो तब तक कोई शर्बत बनफशा आदि न दें क्योंकि शर्बत आमाशय और आंतों में अपना असर नहीं करता है किन्तु छाती और उनके ओर पास में भाफ के परमाणु उत्पन्न कर देता है हां जो और उचित दवा मिला कर काम में लावें तो अति उत्तम है और जो तबियत के नर्म करने की आवश्यकता हो और उचित हो तो नीचे लिखा खिसांदा मिवाये यथा बनफशा, गावजबां, उन्नाव, लिसोढा, दाने निकली मुनक्का, मुलहटी, खितमी, खब्बाजी अजीर, जूफा, सौसन की जड, अमलतास का गूदा शीरखिश्त, बादाम का तेल इनका खिसांदा बनावे। तबियत के नर्म करने के लिये हुकना भी अति उत्तम है उसकी विधि यह है कि बनफशा, नीलोफर, गेहूं की भुसी, खितमी, खब्बाजी, उन्नाव, लिसोढा, चुकन्दर का पानी, अमलतास, तुरजबीन, कांजी, गुलरोगन, विधिपूर्वक काम में लावें और सब सूजनों के रोग में दस्तावर दवा पिलाने की अपेक्षा हुकने से तबियत को नर्म करना अति उत्तम है और यह लाभ हर जगह याद रखना चाहिये कि पसली की रक्त पित्त से उत्पन्न हुई सूजन का इलाज एकसा है और दोनों में खून का निकलना लाभदायक है सो रक्त की सूजन में तो प्रगट है और पित्त की सूजन में इस कारण से भी कि फस्द खोलने में दस्तावर दवा के देने से भय बहुत कम है हकीम लोग उसकी प्रशंसा करते हैं क्योंकि ऐसा हो जाता है कि दस्तावर दवा अपना प्रभाव नहीं करती है और दोषों को हिलाकर घबराहट उत्पन्न कर देती है और लाभ यह है कि पसली की पित्तज सूजन में दर्द की जगह देखे जो दर्द छाती की हड्डियों की तरफ और गर्दन की हसलीकी तरफ झुका हुआ हो तो जुल्लाब देना अति उत्तम है और जो पसलियों के सिरों की तरफ और आमाशय की तरफ झुका हुआ हो तो जुल्लाब देना अति उत्तम है और जबतक कि आवश्यकता विशेष न हो तबतक प्यास को बुझाने के लिये खुर्फा और तरबूज का पानी आदि काम में न लावें क्योंकि यह पकने को रोकेगा और कफ को निकलने न देगा किन्तु ऐसी दवा देना चाहिये जो कफ को सहज से निकाले और पकने का कारण हो जैसे शर्बत जूफा आदि और सच तो यह है कि क-

दूसरी फस्द के खोलने की आज्ञा सूनी में केवल इसलिये है कि खून दूर हो जाय सो जो बुद्धिमान हकीम यह जाने कि मवाद बहुत नहीं है और खिंच आने का भय भी नहीं है तो हो सक्ता है कि सूनी में भी आरम्भ में दूसरी ओर से फस्द खोलें प्रगट हो कि जब तक फस्द या दस्तों से मवाद न निकाला गया हो तब तक कोई शर्बत बनफशा आदि न दें क्योंकि शर्बत आमाशय और आंतों में अपना असर नहीं करता है किन्तु छाती और उनके और पास में भाफ के परमाणु उत्पन्न कर देता है हां जो और उचित दवा मिला कर काम में लावें तो अति उत्तम है और जो तबियत के नर्म करने की आवश्यकता हो और उचित हो तो नीचे लिखा लिसाढ़ा पिलावै यथा बनफशा, गावजवां, उन्नाव, लिसौढा, दाने निकली मुनक्का, मुलहटी, खितमी, खब्बाजी अजीर, जूफा, सौसन की जड, अमलतास का गूदा शीरखिश्त, बादाम का तेल इनका लिसांढा बनावे। तबियत के नर्म करने के लिये हुकना भी अति उत्तम है उसकी विधि यह है कि बनफशा, नीलोफर, गेहूं की भुसी, खितमी, खब्बाजी, उन्नाव, लिसौढा, चुकन्दर का पानी, अमलतास, तुरजबीन, कांजी, गुलरोगन, विधिपूर्वक काम में लावें और सब सूजनों के रोग में दस्तावर दवा पिलाने की अपेक्षा हुकने से तबियत को नर्म करना अति उत्तम है और यह लाभ हर जगह याद रखना चाहिये कि पसली की रक्त पित्त से उत्पन्न हुई सूजन का इलाज एकसा है और दोनों में खून का निकलना लाभदायक है सो रक्त की सूजन में तो प्रगट है और पित्त की सूजन में इस कारण से भी कि फस्द खोलने में दस्तावर दवा के देने से भय बहुत कम है हकीम लोग उसकी प्रशंसा करते हैं क्योंकि ऐसा हो जाता है कि दस्तावर दवा अपना प्रभाव नहीं करती है और दोषों को हिलाकर घबराहट उत्पन्न कर देती है और उत्तम यह है कि पसली की पित्तज सूजन में दर्द की जगह देखे जो दर्द छाती की हड्डियों की तरफ और गर्दन की हसलीकी तरफ झुका हुआ हो तो जुल्लाब देना अति उत्तम है और जो पसलियों के सिरों की तरफ और आमाशय की तरफ झुका हुआ हो तो जुल्लाब देना अति उत्तम है और जबतक कि आवश्यकता विशेष न हो तबतक प्यास को बुझाने के लिये खर्फा और तरबूज का पानी आदि काम में न लावें क्योंकि यह पकने को रोकेगा और कफ को निकलने न देगा किन्तु ऐसी दवा देना चाहिये जो कफ को सहज से निकाले और पकने का कारण हो जैसे शर्बत जूफा आदि और सच तो यह है कि कफ

वर्णन किये गये हैं प्रगट होंगे और जानना चाहिये कि पसली की सूजन की तथा उनके अन्य प्रकारों की दशा ऐसीही होती है जैसी दूसरी सूजनों की दशा होती है और सब सूजनों की दशा तीन कारणों से रहित नहीं है या तो नष्ट होजाय या पीव पड़जाय या कड़ी होजाय परन्तु यह पसली की सूजन कभी २ होती है जो कड़ी हो और फूटकर साफ होजाय और जिस सूजन में पहले दिन से कची पतली रतूबत आने लगे तो जानना चाहिये कि जल्द पककर साफ होजायगी और यह चौथे दिन पकजाती है ऐसेही मवाद का देर में निकलना रोगके बढनेका चिन्ह है और जिस रोगी के थूक में पहले दूसरे या तीसरे दिन मवाद प्रगट होंगे उसके पीछे सात दिन में साफ होजायगी और जो चौदह दिन में साफ न होगी तो पीव पड़जायगी और जो पीव चालीस दिन में साफ न होगी तो सिल अर्थात् फेंफडे में घाव उत्पन्न करेगी और जिस रोगीकी पसली की सूजन का मवाद पीव होजाय तो उसकी दशा वही होगी जिसे फेंफडे के घाव और सूजनके प्रकरण में वर्णन करचुके हैं और जो पसलीकी सूजन सुगम है तो उसके साफ होनेमें बहुतसे बहुत चौदह अथवा बीस दिन लगेंगे और जो पसली की सूजन कड़ी है तो वह जल्दी से जल्दी चालीस दिन से साठ दिनतक साफ होजातीहै परन्तु इस समय तक शरीरमें शक्ति कठिनता से रहती है और ज्वर इतना विशेष गर्म होताहै मवाद उतनाही जल्द पकताहै और जल्द निकल जाताहै और पीव पड़ने का यह चिन्ह है कि दर्द में विशेषता श्वास में तंगी, ज्वर में बहुत गर्मी, शक्ति में निर्बलता, जीभ में खुरखुरापन, मुख में सूखापन, भूखका नष्ट होना, नींदका न आना, बेहोशी की बातें करना और पसलियों में भारापन आदि होते हैं और विशेष पीव के पीछे ज्वर और दर्द कम होजाय और पसलियों में विशेष भारापन मालूम हो और फूटने के समय नाड़ी चौड़ी और ज्वर तेज होजाता है और जाड़ा विशेष चढ आता है और सूजन फूटजाती है और प्रगट है कि जब यह चिन्ह अच्छे चिन्हों के उपरान्त प्रगट हुए हों अथवा कफ में गाढापन और रंग अच्छा हो और अच्छे चिन्ह पायेजांय तो मनुष्य कार्य में पीव पड़नेका चिन्ह है और जब ऐसा हो तो कुछ भय न करै और जो यह चिन्ह पीव पड़नेके कारणसे न हो तो उनके पीछे न्यूनता न होगी और रोगी जल्द मरजायगा और जब कि पस्द, दस्तों और कफके निकलने से दर्द और दूसरे चिन्ह नष्ट न हो और इसके सिवाय शक्ति बलवान्हो और आरोग्यताके चिन्ह प्रगट हों तो जानना चाहिये कि सूजन में पीव पड़जायगा

वर्णन किये गये हैं प्रगट होंगे और जानना चाहिये कि पसली की सूजन की तथा उनके अन्य प्रकारों की दशा ऐसीही होती है जैसी दूसरी सूजनों की दशा होती है और सब सूजनों की दशा तीन कारणों से रहित नहीं है या तो नष्ट होजाय या पीव पड़जाय या कड़ी होजाय परन्तु यह पसली की सूजन कभी २ होती है जो कड़ी हो और फूटकर साफ होजाय और जिस सूजन में पहले दिन से कची पतली रतूबत आने लगे तो जानना चाहिये कि जल्द पककर साफ होजायगी और यह चौथे दिन पकजाती है ऐसेही मवाद का ढेर में निकलना रोगके बढनेका चिन्ह है और जिस रोगी के थूक में पहले दूसरे या तीसरे दिन मवाद प्रगट होंगे उसके पीछे सात दिन में साफ होजायगी और जो चौदह दिन में साफ न होगी तो पीव पड़जाय- गी और जो पीव चालीस दिन में साफ न होगी तो सिल अर्थात् फेंफड़े में घाव उत्पन्न करेगी और जिस रोगीकी पसली की सूजन का मवाद पीव होजाय तो उसकी दशा वही होगी जिसे फेंफडे के घाव और सूजनके प्रकरण में वर्णन करचुके हैं और जो पसलीकी सूजन सुगम है तौ उसके साफ होनेमें बहुतसे बहुत चौदह अथवा बीस दिन लगेंगे और जो पसली की सूजन कड़ी है तो वह जल्दी से जल्दी चालीस दिन से साठ दिनतक साफ होजातीहै परन्तु इस समय तक शरीरमें शक्ति कठिनता से रहती है और ज्वर इतना विशेष गर्म होताहै मवाद उतनाही जल्द पकताहै और जल्द निकल जाताहै और पीव पड़ने का यह चिन्ह है कि दर्द में विशेषता श्वास में तंगी, ज्वर में बहुत गर्मी, शक्ति में निर्बलता, जीभ में खुरखुरापन, मुख में सूखापन, भूखका नष्ट होना, नींदका न आना, बेहोशी की बातें करना और पसलियों में भारापन आदि होते हैं और विशेष पीव के पीछे ज्वर और दर्द कम होजाय और पसलियों में विशेष भारापन मालूम हो और फूटने के समय नाड़ी चौड़ी और ज्वर तेज होजाता है और जाड़ा विशेष चढ आता है और सूजन फूटजाती है और प्रगट है कि जब यह चिन्ह अच्छे चिन्हों के उपरान्त प्रगट हुए हों अ- थवा कफ में गाढ़ापन और रंग अच्छा हो और अच्छे चिन्ह पायेजांय तो बहुधा कार्य में पीव पड़नेका चिन्ह है और जब ऐसा हो तो कुछ भय न करे और जो यह चिन्ह पीव पड़नेके कारणसे न हो तो उनके पीछे न्यूनता न होगी और रोगी जल्द मरजायगा और जब कि पस्द, दस्तों और कफके निकलने से दर्द और दूसरे चिन्ह नष्ट न हो और इसके सिवाय शक्ति बरवानहो और आरोग्यताके चिन्ह प्रगट हों तौ जानना चाहिये कि सूजन में पीव पड़जायगा

निर्वलताके कारण से निकालने लगै और ऐसे दूर करने का कारण वमन या क्रोध आदि का तीक्ष्ण वेग होताहै और पकावसे पहले इसका दूर होना अच्छा नहीं होताहै किंतु उसमें भय होताहै (विशेष द्रष्टव्य) जब कि लेपों और सिकावसे दर्द कम नहो किन्तु वढजाय तो जानना चाहिये कि शरीर मवाद से भराहुआ है और मवादके निकालने की आवश्यकताहै मुख्यकर फस्द की और जब कि फस्द खोलें और आवश्यकतानुसार खून निकालै और जुलाब दें और फिर भी रोगके चिन्ह न जांयतो पीव पड़ने का चिन्हहै फिर दूसरी वार फस्द न खोलना चाहिये क्योंकि दूसरी वार फस्द खोलनेसे शक्ति निर्वल होजायगी और खून की गर्मी की सहायता जाती रहेगी और सूजन कची रहजायगी और कष्ट विशेष पहुचावेगी और जो विना फस्द खोलनेके मवाद पकजाय और कफ अच्छा आवे और शक्तिमें निर्वलता होतो फस्द न खोलें और जिस रोगीके लिये मवादके निकालने की आवश्यकता पडे तो हुकना अति उत्तम है और जो रोगी की शक्ति ज्यों की त्यों है और फस्द खोलनेके पीछे अचेत होजाय या श्वास तंग होतो जानना चाहिये कि रोग का मवाद कम नहीं हुआ इसलिये इस सूजन में हुकने का उपाय उचितहै और बहुधा ऐसा होताहै कि प्रत्येकवार या दो वार तबियत खुलजाय और फस्द की आवश्यकता न रहै और जब देखें कि मवाद पकगया तो पीव पडनेसे पहिले उसके दूर करने का उपाय करें और गर्म पानी और पतला जौका आटा घूरे और मक्खनके साथ या शहदके साथ खाना और उसी करवट लेटना कफ को थूक में निकालने की सहायता करताहै, तथा छाती और पसली को मलरहित करता है ॥

मवाद को पकाने वाले लेप की विधि ।

वनफशा, खितमी प्रत्येक १ भाग, सौसन की जड दो भाग, जौका आटा, बाकला का आटा प्रत्येक १॥ भाग, वाबूना १ भाग, इन सब को मोम और वनफशा के तेल में मिलावै जैसी कि रीति है और जो गर्मी कम हो तो वनफशा के तेल की जगह सौसन या नर्गिस का तेल मिलावें और जो गर्मी विशेष हो तो अलसी के बीज, नीलोफर के पत्ते, सफेद फूल के पत्ते, तर मीठी पीआ के पत्ते मयपुख्ता के वदले में बढावें । किताव दस्तूरुल इलाज में लिखा है कि गर्मी को शान्त करना इस के सब रोगों में अवश्य है । गर्मी के शान्त करने के लिये ईसबगोल का लुआब, लम्बी घीआ के

निर्बलताके कारण से निकालने लगे और ऐसे दूर करने का कारण वमन वा क्रोध आदि का तीक्ष्ण वेग होताहै और पकावसे पहले इसका दूर होना अच्छा नहीं होताहै किंतु उसमें भय होताहै (विशेप द्रष्टव्य) जब कि लेपों और सिकावसे दर्द कम नहो किन्तु वढजाय तो जानना चाहिये कि शरीर मवाद से भराहुआ है और मवादके निकालने की आवश्यकताहै मुख्यकर फस्द की और जब कि फस्द खोलें और आवश्यकतानुसार खून निकाले और जुला वदें और फिर भी रोगके चिन्ह न जांयतो पीव पड़ने का चिन्हहै फिर दूसरी वार फस्द न खोलना चाहिये क्योंकि दूसरी वार फस्द खोलनेसे शक्ति निर्बल होजायगी और खून की गर्मी की सहायता जाती रहेगी और सूजन कची रहजायगी और कष्ट विशेप पहुचावेगी और जो विना फस्द खोलनेके मवाद पकजाय और कफ अच्छा आवै और शक्तिमें निर्बलता होतो फस्द न खोलें और जिस रोगीके लिये मवादके निकालने की आवश्यकता पडे तो हुकना अति उत्तम है और जो रोगी की शक्ति ज्यों की त्यों है और फस्द खोलनेके पीछे अचेत होजाय या श्वास तंग होतो जानना चाहिये कि रोग का मवाद कम नहीं हुआ इसलिये इस सूजन में हुकने का उपाय उचितहै और बहुधा ऐसा होताहै कि प्रत्येकवार या दो वार तवियत खुलजाय और फस्द की आवश्यकता न रहै और जब देखें कि मवाद पकगया तो पीव पड़नेसे पहिले उसके दूर करने का उपाय करें और गर्म पानी और पतला जौका आटा घूरे और मक्खनके साथ या शहदके साथ खाना और उसी करवट लेटना कफ को थूक में निकालने की सहायता करताहै, तथा छाती और पसली को मलरहित करता है ॥

मवाद को पकाने वाले लेप की विधि ।

वनफशा, खितमी प्रत्येक १ भाग, सौसन की जड़ दो भाग, जौका आटा, बाकला का आटा प्रत्येक १॥ भाग, बाबूना १ भाग, इन सब को मोम और बनफशा के तेल में मिलावें जैसी कि रीति है और जो गर्मी कम हो तो बनफशा के तेल की जगह सौसन या नर्गिस का तेल मिलावें और जो गर्मी विशेप हो तो अलसी के बीज, नीलोफर के पत्ते, सफेद फूल के पत्ते, तर मीठी घीआ के पत्ते मयपुख्ता के बदले में बढावें । किताव दस्तूरुल इलाज में लिखा है कि गर्मी को शान्त करना इस के सब रोगों में अवश्य है । गर्मी के शान्त करने के लिये ईसवगोल का लुआब, लम्बी घीआ के

तेजी नहीं आजाती तब तक झिल्लियों में आकर सूजन उत्पन्न नहीं करसक्ता इसी कारण से पसली की सूजन बादी और कफ के मवाद से बहुत कम उत्पन्न होती है और इस में बोझ के साथ दर्द, हलका ज्वर चुभन कम होती है और थूक सफेद होता है परन्तु आरम्भ में कुछ थोड़ी लाली लिये होता है क्योंकि कफ में खून मिल जाता है और कफ के सब भेदों से अच्छा है क्यों कि कफ में गर्मी और तेजी बहुत कम है और इसके सिवाय जल्द पक जाता है (इलाज) फस्द खोले और जो कुछ पहले भेदों में वर्णन किया गया है तबियत का मुलायम करना और लेप तरेडे और गर्मी की सतुष्टता के लिये जैसी आवश्यकता हो काम में लावैं परन्तु चाहिये कि गर्मी की शांति के लिये अधिकता न करे जिससे मवाद में गाढ़ापन और कच्चापन न पढ़े और रोगी को आज्ञा दे कि जो के पानी में थोड़े से चने और सौंफ औटा कर पीवे और शर्बत जूफा चाटे जिससे मवाद निकल जाय और नर्म हो जाय।

अस्वाभाविक पसली की सूजनों का वर्णन।

इसे मुगालत और गैरसही भी कहतेहैं और यह इसप्रकारका होता है कि जो अजले पसलियों के मध्य में है वह सूजजाय या उस झिल्ली में जो पसलियों को ऊपर से ढके हुए है और उनपर लगी हुई है सूजन उत्पन्न हो और जानना चाहिये कि छाती में सब चौदह पसलियां हैं प्रत्येक तरफ सात सात हैं और दो क मध्य में एक अजला (मछली) है और छाती इन्हीं अजलों से फैलती और सुकड़ती है सो इस दशा में सब अजलें बारह हैं जो पसलियों के मध्य में हैं जैसे वह झिल्ली जो पसलियों के भीतर है वैसीही दूसरी झिल्ली उनकी पीठ पर है सो जो सूजन इन अजलों में या ऊपर की झिल्ली में होती है उसका नाम जातुल गैर खालिस होता है जैसे कि भीतर की झिल्ली की सूजन का और भीतर वाले पर्दे की सूजन का नाम खालिस है और गैर खालिस के कारण वही है जो खालिस में वर्णन किये गयेहैं मुख्य कर के गैर खालिस भीतर की झिल्ली की सूजनों के हैं परन्तु अजले की सूजन इसके विरुद्ध है वह केवल खूनसे भी होती है और पहले सर्ग में भी इसकी ओर संकेत किया गया है अब जान लेना चाहिये कि जो सूजन अजले में होगी तो उसका यह चिन्ह है कि चुभन और नाड़ी का शीघ्र और लगातार चलना गैर खालिस पसली की सूजन के कारण से बहुत कम होगा और थूकमें मवाद नहीं आता है और श्वास तंग होजाता है और कभी २ अजलों

तेजी नहीं आजाती तब तक झिल्लियों में आकर सूजन उत्पन्न नहीं करसक्ता इसी कारण से पसली की सूजन वादी और कफ के मवाद से बहुत कम उत्पन्न होती है और इस में बोझ के साथ दर्द, हलका ज्वर चुभन कम होती है और थूक सफेद होता है परन्तु आरम्भ में कुछ थोडी लाली लिये होता है क्योंकि कफ में खून मिल जाता है और कफ के सब भेदों से अच्छा है क्यों कि कफ में गर्मी और तेजी बहुत कम है और इसके सिवाय जल्द पक जाता है (इलाज) फस्द खोले और जो कुछ पहले भेदों में वर्णन किया गया है तबियत का मुलायम करना और लेप तरेडे और गर्मी की सतुष्टता के लिये जैसी आवश्यकता हो काम में लावै परन्तु चाहिये कि गर्मी की शांति के लिये अधिकता न करे जिससे मवाद में गाढापन और कच्चापन न पडे और रोगी को आज्ञा दे कि जौ के पानी में थोडे से चने और सौंफ औटा कर पीवे और शर्बत जूफा चाटे जिससे मवाद निकल जाय और नर्म हो जाय ।

अस्वाभाविक पसली की सूजनों का वर्णन ।

इसे मुगालत और गैरसही भी कहतेहैं और यह इसप्रकारका होता है कि जो अजले पसलियों के मध्य में है वह सूजजाय या उस झिल्ली में जो पसलियों को ऊपर से ढके हुए हैं और उनपर लगी हुई हैं सूजन उत्पन्न हो और जानना चाहिये कि छाती में सब चौदह पसलियां हैं प्रत्येक तरफ सात सात हैं और दो के मध्य में एक अजला (मछली) है और छाती इन्हीं अजलों से फैलती और सुकडती है सो इस दशा में सब अजलें ग्यारह हैं जो पसलियों के मध्य में हैं जैसे वह झिल्ली जो पसलियों के भीतर है वैसीही दूसरी झिल्ली उनकी पीठ पर है सो जो सूजन इन अजलों में या ऊपर की झिल्ली में होती है उसका नाम जातुल गैर खालिस होता है जैसे कि भीतर की झिल्ली की सूजन का और भीतर वाले पर्दे की सूजन का नाम खालिस है और गैर खालिस के कारण वही है जो खालिस में वर्णन किये गयेहैं मुख्य कर के गैर खालिस भीतर की झिल्ली की सूजनों के हैं परन्तु अजले की सूजन इसके विरुद्ध है वह केवल खूनसे भी होती है और पहले सर्ग में भी इसकी ओर संकेत किया गया है अब जान लेना चाहिये कि जो सूजन अजले में होगी तो उसका यह चिन्ह है कि चुभन और नाडी का शीघ्र और लगातार चलना गैर खालिस पसली की सूजन के कारण से बहुत कम होगा और थूकमें मवाद नहीं आता है और श्वास तंग होजाता है और कभी २ अजलों

तो इसी लिये इस रोग वाले को उचित है कि कोई गति न करे क्योंकि गति में बड़े २ श्वास लेने की आवश्यका पड़ती है और कठिनता के कारण उसी समय श्वास घुटकर मृत्यु को प्राप्त होजाता है और क्यों कि यह रोग श्वास घुटने के कारण से मृत्यु की दशा को पहुंचा देता है इससे इसका नाम खानका रक्खा गयाहै। इसके अन्य चिन्ह यह हैं कि रोगी किसी दशा पर न लेट सकें और जब खांसी आवे तो कष्ट की अधिकता से अचेत होजाय (इलाज) जो कुछ पहले सर्ग में वर्णन होचुका है काम में लावें और दोनों हाथों की फस्द खोलना उचित समझें।

चौथा सर्ग शूशा का वर्णन।

इसका यह अर्थ है कि जो पर्दा पसलियों के भीतर है उसमें सूजन उत्पन्न हो और कोई २ शूसा को जातुलजन्बसही कहते हैं। शूशा का चिन्ह यह है कि रोगी गति न कर सके और किसी प्रकार न लेट सके और जानना चाहिये कि शूसा की पीव छाती और फेफड़े की तरफ बहुतकम चढ़ा करती है क्योंकि फेफड़ा इस पर्दे से बहुत देर तक नहीं मिलता और यह बात प्रगट है कि फेफड़ा बहुत से मवाद को उन अंगों से जो उसके समीप और उससे मिले हुए हैं उससमय खींचता है जो बड़ी देर तक मिले रहें और इसके कारण भी वही हैं कि जो जातुल जन्ब सही में वर्णन किये गये हैं और ऐसेही प्रत्येक कारण के चिन्ह उक्त वर्णन से प्रगट हैं (इलाज) अति उत्तम उपाय यह है कि पहले जुलाब दे उन्नाव, अजीर, खितमी बनफशा लिसौड़ा, इसराज, मुनक्का दाने निकली, मीठे आलू, चुकन्दर का पानी, गेहूं की भूसी, अमल तास, लाल बूरा, गुलरौगन, इनको विधिपूर्वक काम में लावें और उन लेपों के लगाने से कि जो मवाद के नष्ट करने वाले हों या खींचने वाले हों या मवाद के अधिक पकाने वाले हों सावधानी रक्खें क्योंकि यह हानिकारक हैं और हर प्रकार से इसबात का परिश्रम करें कि मवाद त्वचा के ऊपर निकल आवे इसकी यह रीति है कि धारे या सिंगियां लगावें और उसके पीछे अजीर और राई का लेपकरें जिससे सूजन पायल होजाय और पीव निकल जाय और बाकी इलाज उसी प्रकार का है जो जातुलजन्ब (पसली की सूजन) में वर्णन किया गया है अब जानना चाहिये कि जो कारण बलवान हो तो बासलीक की फस्द खोलना अवश्य है और दुबना फस्द खोलने और दस्तों के कराने से इसलिये अति उत्तम है कि उनमें

ती इसी लिये इस रोग वाले को उचित है कि कोई गति न करे क्योंकि गति में पड़े २ श्वास लेने की आवश्यका पड़ती है और कठिनता के कारण उसी समय श्वास घुटकर मृत्यु को प्राप्त होजाता है और क्यों कि यह रोग श्वास घुटने के कारण से मृत्यु की दशा को पहुंचा देता है इससे इसका नाम खानका रक्खा गयाहै। इसके अन्य चिन्ह यह हैं कि रोगी किसी दशा पर न लेट सकें और जब खांसी आवे तो कष्ट की अधिकता से अचेत होजाय (इलाज) जो कुछ पहले सर्ग में वर्णन होचका है काम में लावें और दोनों हाथों की फस्द खोलना उचित समझें।

चौथा सर्ग शूशा का वर्णन।

इसका यह अर्थ है कि जो पर्दा पसालियों के भीतर है उसमें सूजन उत्पन्न हो और कोई २ शूसा को जातुलजन्बसही कहते हैं। शूशा का चिन्ह यह है कि रोगी गति न कर सके और किसी प्रकार न लेट सके और जानना चाहिये कि शूसा की पीव छाती और फेफड़े की तरफ बहुतकम बहा करती है क्योंकि फेफड़ा इस पर्दे से बहुत देर तक नहीं मिलता और यह बात प्रगट है कि फेफड़ा बहुत से मवाद को उन अंगों से जो उसके समीप और उससे मिले हुए हैं उससमय खींचता है जो बड़ी देर तक मिले रहें और इसके कारण भी वही हैं कि जो जातुल जन्ब सही में वर्णन किये गये हैं और ऐसेही प्रत्येक कारण के चिन्ह उक्त वर्णन से प्रगट हैं (इलाज) अति उत्तम उपाय यह है कि पहले जुलाब दे उन्नाब, अजीर, खितमी बनफशा लिसौड़ा, हसराज, मुनक्का दाने निकली, मीठे आलू, चुकन्दर का पानी, गेहूं की भूसी, अमल तास, लाल बूरा, गुलरोगन, इनको विधिपूर्वक काम में लावें और उन लेपों के लगाने से कि जो मवाद के नष्ट करने वाले हों या खींचने वाले हों या मवाद के अधिक पकाने वाले हों सावधानी रक्खें क्योंकि यह हानिकारक हैं और हर प्रकार से इसबात का परिश्रम करें कि मवाद त्वचा के ऊपर निकल आवे इसकी यह रीति है कि धारे या सिंगिया लगावें और उसके पीछे अजीर और राई का लेपकरें जिससे सूजन पायल होजाय और पीव निकल जाय और बाकी इलाज उसी प्रकार का है जो जातुल्जन्ब (पसली की सूजन) में वर्णन किया गया है अब जानना चाहिये कि जो कारण बलवान हो तो बासलीक की फस्द खोलना अवश्य है और दूसना फस्द खोलने और दस्तों के कराने से इसलिये अति उत्तम है कि उसमें

कशा, बाबूना, सोया, अलसी के बीज, मैंथी के बीज, जौं का चून सब का चूर्ण बना कर थोडे से पानी में आटा ले और मीठा तेल मिला कर दर्द की जगह गुनगुना लेप करै।

पांचवां सर्ग जातुस्सदर और जातुल अर्ज का वर्णन।

जानना चाहिये कि छाती में एक पर्दा है जो अजामुलकुम अर्थात् छाती के मध्य की हड्डियों के बराबर और साम्हने से निकला है और उस का दूसरा किनारा गजरूफ हजरी है इस के दो भाग हो गये हैं एक भाग तो पिछली तरफ और एक छाती की तरफ है और यह दोनों उस जगह तक पहुंचे हैं जहां हसली मिली है और वहां जाकर आपस में मिल गये हैं और असल में यह दोनों झिल्ली हैं जो इस जगह में बटगई हैं सो वह भाग जो छाती पर रक्खा है सूजजाय तो उसे जातुस्सदर कहते हैं और जो उस भाग में जो पीठ की तरफ गुडियों पर रक्खा हुआ है सूजजाय तो जाआतुल अर्ज कहते हैं। फिर जातुस्सदर का यह चिन्ह है कि रोगी को अधिक दर्द दोनों हसलियों के मिलने की जगह से आमाशय के मुख तक मालम हो और सीने के बल लेटना पावों की ओर देखना और सिर उठाना सभव न हो परंतु करवट से और चित्त लेट सकै और यह जगह जहां गर्दन की हनली के दोनों सिरे आपस में मिले हैं और यह ऐसी जगह है कि जब आदमी अप ने सिरको झुकावे तो बिना सदेह थोडीसी उस जगह पहुंच जाय और जातुल अर्ज का यह चिन्ह है कि दोनों कन्धों के मध्य में दर्द मालूम हो और चित्त न लेट सकै और दाये या बांये न मुड सकै और जब खांसी आवे तो दर्द अधिकता से हो करवटें बदलना और घबराहट बढजाय और उसके हेतु और लक्षण वही हैं जो पसली की सूजन में वर्णन किये गये हैं और वैसाही इलाज है परन्तु जानना चाहिये कि सीने की सूजन में लेप की दवा सीने पर और जातुल अर्ज में दोनों कन्धों के नीचे में लगानी चाहिये।

बरसाम का वर्णन।

यह शब्द सरसाम (सिरकी सूजन) के शब्द के समान फारसी और यूनानी शब्द से मिलकर बना है बर सीने को कहते हैं और साम सूजन को कहते हैं। और यह इस प्रकार का होता है कि जो पर्दा आमाशय और जिगर के मध्य में अडा हुआ है सूजजाय और यह वह पर्दा है कि जो उस हिजाब हाजिज से साथ सम्बन्ध रखता है जो अन्नवाही और श्वासवाही मार्गों के मध्य में है

फशा, बाबूना, सोया, अलसी के बीज, मेंथी के बीज, जौं का चून सब का चूर्ण बना कर थोड़े से पानी में आटा ले और मीठा तेल मिला कर दर्द की जगह गुनगुना लेप करे।

पांचवां सर्ग जातुस्सदर और जातुल अर्ज का वर्णन।

जानना चाहिये कि छाती में एक पर्दा है जो अजामुलक्रुम अर्थात् छाती के मध्य की हड्डियों के बराबर और साम्हने से निकला है और उस का दूसरा किनारा गजरूफ हजरी है इस के दो भाग हो गये हैं एक भाग तो पिछली तरफ और एक छाती की तरफ है और यह दोनों उस जगह तक पहुंचे हैं जहां हसली मिली है और वहां जाकर आपस में मिल गये हैं और असल में यह दोनों झिल्ली हैं जो इस जगह में बटगई हैं सो वह भाग जो छाती पर रक्खा है सूजजाय तो उसे जातुस्सदर कहते हैं और जो उस भाग में जो पीठ की तरफ गुड़ियों पर रक्खा हुआ है सूजजाय तो जाआतुल अर्ज कहते हैं। फिर जातुस्सदर का यह चिन्ह है कि रोगी को अधिक दर्द दोनों हसलियों के मिलने की जगह से आमाशय के मुख तक मालूम हो और सीने के बल लेटना पावों की ओर देखना और सिर उठाना संभव न हो परंतु करवट से और चित्त लेट सके और यह जगह जहां गर्दन की हसली के दोनों सिरे आपस में मिले हैं और यह ऐसी जगह है कि जब आदमी अपने सिरको झुकावे तो बिना संदेह थोड़ीसी उस जगह पहुंच जाय और जातुल अर्ज का यह चिन्ह है कि दोनों कन्धों के मध्य में दर्द मालूम हो और चित्त न लेट सके और दाये वा बांये न मुड़ सके और जब खांसी आवे तो दर्द अधिकता से हो करवटें बदलना और घबराहट बढ़जाय और उसके हेतु और लक्षण वही हैं जो पसली की सूजन में वर्णन किये गये हैं और वैसाही इलाज है परन्तु जानना चाहिये कि सीने की सूजन में लेप की दवा सीने पर और जातुल अर्ज में दोनों कन्धों के नीचे में लगानी चाहिये।

बरसाम का वर्णन।

यह शब्द सरसाम (सिरकी सूजन) के शब्द के समान फारसी और यूनानी शब्द से मिलकर बना है बर सीने को कहते हैं और साम सूजन को कहते हैं। और यह इस प्रकार का होता है कि जो पर्दा आमाशय और जिगर के मध्य में अड़ा हुआ है सूजजाय और यह वह पर्दा है कि जो उस हिजाब हाजिज से साथ सम्बन्ध रखता है जो अन्नवाही और श्वासवाही मार्गों के मध्य में है

चिन्ह जो सरसाम में हुआ करते हैं प्रगट होते हैं [इलाज] वासलीक और इन्ती की फस्द खोलें और पिंडलियों पर सिंगियां पछनों के साथ लगावें और दर्द और टीस की जगहपर मवाद के पकाने वाली और नष्ट करने वाली चीजों का लेप करें जैसे बाबूना, बनफशा, खितमी के बीज, उन्नाव, लिसौढा, अलसी के बीज, गर्म पानी में मिला कर और नर्म हुकना से तबियत को नर्म करें और जो तबियतके नर्म करनेके लिये नीलोफर, बनफशा, खितमी के बीज, उन्नाव, लिसौढा औटा करके और तुरजबीन मिला कर पिवावें तो अति उत्तम है बहुधा कहा गया है कि इन अंगों की सूजन में जिसका इस प्रकार में वर्णन होता है हुकना जुल्लाब के पीने से अति उत्तम है और उसमें बहुत कम भय है और उक्त उपायों में से जिनकी आवश्यकता हो ग्रहण करे और जिन कामों का वर्णन हुआ है सब जगह याद रक्खें और उसमें से भी जो बहुधा पहले सर्ग में लिखे गये हैं उनका याद रखना आवश्यकीय है जिससे कुछ चिन्ता न रहे और जानना चाहिये कि जिस समय यह रोग सब इकट्ठे हो जाते हैं तो रोगी की आरोग्यता की आशा बहुत कम हुआ करती है और प्रगट है कि पसली की सूजन का एक और भेद है कि इसमें श्वास और कफ आना दोनों सहज होते हैं परन्तु पीठ की तरफ ऐसा दर्द होता है जैसे किसीने लकडी मारदी है और मूत्र में खून और पीव मिला हुआ आता है और इसका रोगी बहुत कम बचता है वह पांचवें या सातवें दिन मर जाता है और चौदह दिन तक तो बहुत ही कम जीता है और जो सातवें दिन से चैन में रहे तो बहुधा अच्छा हो जाता है और एक और भेद है उसमें दोनों कन्धों के मध्य में लाली हो जाती है और कन्धे गर्म हो जाते हैं और रोगी बैठा नहीं रह सक्ता है फिर जो ऐसे रोगी का पेट गर्म हो जाय और मलकी हाजत होतो जल्द मर जायगा और जो सातवां दिन व्यतीत हो जाय और थूक में तरह तरह का मवाद निकले तो जीने की आशा होती है और तीन दिन तक भी मरने से निडर नहीं हो सक्ता और एक और भेद है कि उसमें खिचाव और दर्द पलक के साथ गर्दन की हसली से पिंडली तक होता है और मूत्र साफ होता है और मवाद थूक में आया करता है और यह रोग बहुत बुरा है और उसका चिन्ह यह है कि मवाद ऊपर की तरफ आरूढ हो और सरसाम के चिन्ह प्रगट होने लगें फिर जो सातवां दिन बीत गया तो परमात्मा की कृपा से उस विपत्ति से छूट जायगा [सूचना] प्रगट है कि जब सूजन का कारण-

चिन्ह जो सरसाम में हुआ करते हैं प्रगट होते हैं [इलाज] बासलीक और इन्ती की फस्द खोलें और पिंडलियों पर सिंगियां पछनों के साथ लगावें और दर्द और टीस की जगहपर मवाद के पकाने वाली और नष्ट करने वाली चीजों का लेप करें जैसे बाबूना, बनफशा, खितमी के बीज, उन्नाव, लिसौढा, अलसी के बीज, गर्म पानी में मिला कर और नर्म हुकना से तबियत को नर्म करें और जो तबियतके नर्म करनेके लिये नीलोफर, बनफशा, खितमी के बीज, उन्नाव, लिसौढा औटा करके और तुरजबीन मिला कर पिवावें तो अति उत्तम है बहुधा कहा गया है कि इन अंगों की सूजन में जिसका इस प्रकार में वर्णन होता है हुकना जुल्लाब के पीने से अति उत्तम है और उसमें बहुत कम भय है और उक्त उपायों में से जिनकी आवश्यकता हो ग्रहण करे और जिन कामों का वर्णन हुआ है सब जगह याद रक्खें और उसमें से भी जो बहुधा पहले सर्ग में लिखे गये हैं उनका याद रखना आवश्यकीय है जिससे कुछ चिन्ता न रहे और जानना चाहिये कि जिस समय यह रोग सब इकट्ठे हो जाते हैं तो रोगी की आरोग्यता की आशा बहुत कम हुआ करती है और प्रगट है कि पसली की सूजन का एक और भेद है कि इसमें श्वास और कफ आना दोनों सहज होते हैं परन्तु पीठ की तरफ ऐसा दर्द होता है जैसे किसीने लकडी मारदी है और मूत्र में खून और पीव मिला हुआ आता है और इसका रोगी बहुत कम बचता है वह पांचवें या सातवें दिन मर जाता है और चौदह दिन तक तो बहुत ही कम जीता है और जो सातवें दिन से चैन में रहे तो बहुधा अच्छा हो जाता है और एक और भेद है उसमें दोनों कन्धों के मध्य में लाली हो जाती है और कन्धे गर्म हो जाते हैं और रोगी बैठा नहीं रह सक्ता है फिर जो ऐसे रोगी का पेट गर्म हो जाय और मलकी हाजत होतो जल्द मर जायगा और जो सातवां दिन व्यतीत हो जाय और थूक में तरह तरह का मवाद निकले तो जीने की आशा होती है और तीन दिन तक भी मरने से निडर नहीं हो सक्ता और एक और भेद है कि उसमें खिचाव और दर्द पलक के साथ गर्दन की हसली से पिंडली तक होता है और मूत्र साफ होता है और मवाद थूक में आया करता है और यह रोग बहुत बुरा है और उसका चिन्ह यह है कि मवाद ऊपर की तरफ आरूढ हो और सरसाम के चिन्ह प्रगट होने लगें फिर जो सातवां दिन बीत गया तो परमात्मा की कृपा से उस विपत्ति से छूट जायगा [सूचना] प्रगट है कि जब सूजन का कारण—

कारण पहले हो और छाती में सर्दी और घुकदन पायी जाय (इलाज) छाती में गर्मी पहुचाने के लिये सौसन और कूठ के तेल में जुन्दे बेदस्तर मिलावें और छाती पर मले और तुलसी, सातर, पोदीना, अफसनतीन, हींग और जुन्देबेदस्तर महीन पीस कर शहद और अखरोट के तेल में मिला कर छाती पर लेप करे और पुरानी शराब में थोडीसी हींग मिलावे और रोगी को ठहर २ कर पीने की आज्ञा दे और गर्म पानी से और गर्म रूखडियों के औटाये पानी से सिकाव करना अधिक लाभदायक है और इस रोगके इलाज में देर न करनी चाहिये क्योंकि कभी अचानक रोगी को मार डालता है क्योंकि इन अंगोंकी सर्दी दिल में पहुंचकर उसको ठंढा कर देती है और असली गर्मी को यहां तक नष्ट कर देती है कि श्वास रुक जाता है क्योंकि अंगों के जोड़ उसके आधीन हैं (लाभ) कभी अफीम का खाना जमुदुसद्र को उत्पन्न करता है क्योंकि अफीम सर्दी और खुश्की के कारण से असली गर्मी को जमा देती है और रतूबत में गाढापन, जमाव और खुश्की लाती है इसी कारणसे इसके खानेवाले को हाथ पांव की सर्दी और सुन्न और गले की तंगी जीभ का बंधना और ऐसेही अन्य चिन्ह हुआ करते हैं और कभी ऐसा होता है कि मारभी डालता है और कभी ऐसा भी होता है कि जो सीसे का धुआं जो गलाने के समय उठता है जमुदुसद्र उत्पन्न करदेता है क्योंकि सीसे का धूआं दिलको ठंढा करके गर्मी को दबाता है और नाडियों को खुश्क करके श्वासवाही अंगों को सकोड देता है और श्वासको छोटा करदेता है और कभी गले पर सूजन उत्पन्न करता है और यह रोग जो अफीम के पीने से या सीसे का धुआं नाकमें जाने से उत्पन्न होतो उसका उपाय यह है कि कारणको दूर करें और जो चीजें उसके विरुद्ध हैं काम में लावें और गर्म तर रूखडियों के काढोंसे सिकाव करना सब बातों से अधिक लाभदायक है और बाकी उपाय जो कुछ पहले भेद में वर्णन होचुके हैं उनको काम में लावें ।

दसवां अध्याय

दिलके रोगों का वर्णन ।

कलबको फारसी में दिल कहते हैं और यह एक अंग है जो मांस, पट्ठे, झिल्ली और बारीक रगों से मिलकर बना है और दिलकी रगें दूसरों से ज्यादा

कारण पहले हो और छाती में सर्दी और घुकदन पायी जाय (इलाज) छाती में गर्मी पहुंचाने के लिये सौसन और कूठ के तेल में जुन्दे बेदस्तर मिलावे और छाती पर मले और तुलसी, सातर, पोदीना, अफसनतीन, हींग और जुन्देबेदस्तर महीन पीस कर शहद और अखरोट के तेल में मिला कर छाती पर लेप करे और पुरानी शराब में थोड़ीसी हींग मिलावे और रोगी को ठहर २ कर पीने की आज्ञा दे और गर्म पानी से और गर्म रूखड़ियों के औटाये पानी से सिकाव करना अधिक लाभदायक है और इस रोगके इलाज में देर न करनी चाहिये क्योंकि कभी अचानक रोगी को मार डालता है क्योंकि इन अंगोंकी सर्दी दिल में पहुंचकर उसको ठंढा कर देती है और असली गर्मी को यहां तक नष्ट कर देती है कि श्वास रुक जाता है क्योंकि अंगों के जोड़ उसके आधीन हैं (लाभ) कभी अफीम का खाना जमूदुसदर को उत्पन्न करता है क्योंकि अफीम सर्दी और खुश्की के कारण से असली गर्मी को जमा देती है और रतूबत में गाढ़ापन, जमाव और खुश्की लाती है इसी कारणसे इसके खानेवाले को हाथ पांव की सर्दी और सुन्न और गले की तंगी जीभ का बंधना और ऐसेही अन्य चिन्ह हुआ करते हैं और कभी ऐसा होता है कि मारभी डालता है और कभी ऐसा भी होता है कि जो सीसे का धुआं जो गलाने के समय उठता है जमूदुसदर उत्पन्न करदेता है क्योंकि सीसे का धूआं दिलको ठंढा करके गर्मी को दबाता है और नाड़ियों को खुश्क करके श्वासवाही अंगों को सकोड़ देता है और श्वासको छोटा करदेता है और कभी गले पर सूजन उत्पन्न करता है और यह रोग जो अफीम के पीने से या सीसे का धुआं नाकमें जाने से उत्पन्न होतो उसका उपाय यह है कि कारणको दूर करें और जो चीजें उसके विरुद्ध हैं काम में लावें और गर्म तर रूखड़ियों के काढ़ोंसे सिकाव करना सब बातों से अधिक लाभदायक है और बाकी उपाय जो कुछ पहले भेद में वर्णन होचुके हैं उनको काम में लावें।

दसवां अध्याय

दिलके रोगों का वर्णन।

कल्बको फारसी में दिल कहते हैं और यह एक अंग है जो मांस, पट्ठे, झिल्ली और बारीक रगों से मिलकर बना है और दिलकी रगें इसमें से दसों

और दिलकी रूहकीखानहै इसलिये परमात्माने उसकी जगह छाती और फेंफडेके मध्यमें जो मनुष्यके शरीरमेंसबजगहसे दृढहै नियतकीहै औरउसके चारोंतरफ थोडासा झुकनेमें बहुतसे लाभहैं एकतो यहहै कि वह जगह दिलकी गर्मीकिसाथ इकट्ठी होजाती और उसमें गर्मी बढ जाती और दूसरी तरफ गर्मीसे खाली रहती और इस कारण से बहुत विपत्ति प्रगट होती और ऐसेही सर्दीके कारणसे तिल्ली की मादी में समानता न आती (अधिक लाभ) जिस जीवधारी का दिल बहुत बडा होता है वह बडा शूरवीर और बहुत बलवान होता है परन्तु यह नियम है कि इस में गर्मी भी हो क्योंकि जो दिल की गर्मी कम होगी तो दिल का बडा होना लाभदायक न होगा जैसे खरगोश। और जो गर्मी विशेष हो यद्यपि दिल बहुत छोटा हो वह जीव बहुत शूरवीर होता है जैसे पशुओं में दीखता है परन्तु बहुधा यही होता है कि बडे दिलवाला जीव शूरवीर होता है अब जान लेना चाहिये कि दिल के रोग कई प्रकार पर हैं और प्रत्येक का अलग२ प्रकरण में वर्णन किया जाता है।

पहिला प्रकरण।

दिल की दुष्ट प्रकृति का वर्णन।

उसके चार भेद हैं पहला वह है कि गर्म हो और उसका चिन्ह यह है कि नाडी बडी और शीघ्र और गहरी हो और बारर चलती हो और छाती गर्म हो और प्यास की अधिकता, चिन्ता, घबराहट और जलन हर समय हो और ठंडी हवा से आराम पावै और देह दुबली हो इस लिये कि दिल की दुष्ट प्रकृति सब शरीर में प्रवेश होजाती है (इलाज) कपूर की टिकिया और ठंडे शर्बत जो दिलके अनुसार हों जैसे शर्बत रीवास शर्बत अनार, शर्बत चंदन इत्यादि पिलावें और चंदन, कपूर गुलाब छाती पर लगावें और मकान की हवा को ठंडा करें ठंडी सुगन्धित चीजें सुंघावें और ठंडी चीजें खवावें और जब मवाद का भर जाना कारण हो तो फसद का खोलना उचित समझें (लाभ) दिल की दुष्ट प्रकृति के भेदों में याद रखना चाहिये कि जो मवाद के कारण से हो और कोई कार्य वर्जित न हो तो पहले मवाद के निकालने का उपाय करें और जब फसद के खोलने की आवश्यकता पडे और उचित न हो तो दोनों कन्धों के मध्य में पछने लगाना चाहिये और फसद और दस्तों में ज्वर के होने और न होने की रक्षा रखनी चाहिये और जैसी आवश्यकता हो वैसी ही ठंडी चीजें ग्रहण करे जैसे जो गर्मी वि

और दिलकी रूहकीखानहै इसलिये परमात्माने उसकी जगह छाती और फेंफड़ेके मध्यमें जो मनुष्यके शरीरमेंसबजगहसे दृढ़है नियतकीहै औरउसके बाईतरफ थो डासा झुकनेमें बहुतसे लाभहैं एकतो यहहै कि वह जगह दिलकी गर्मीकेसाथ इकट्ठी होजाती और उसमें गर्मी बढ जाती और दूसरी तरफ गर्मीसे खाली रहती और इस कारण से बहुत विपत्ति प्रगट होती और ऐसेही सर्दीके कारणसे तिल्ली की बादी में समानता न आती (अधिक लाभ) जिस जीवधारी का दिल बहुत बडा होता है वह बडा शूरवीर और बहुत बलवान होता है परन्तु यह नियम है कि इस में गर्मी भी हो क्योंकि जो दिल की गर्मी कम होगी तो दिल का बडा होना लाभदायक न होगा जैसे खरगोश। और जो गर्मी विशेष हो यद्यपि दिल बहुत छोटा हो वह जीव बहुत शूरवीर होता है जैसे पशुओं में दीखता है परन्तु बहुधा यही होता है कि बडे दिलवाला जीव शूरवीर होता है अब जान लेना चाहिये कि दिल के रोग कई प्रकार पर हैं और प्रत्येक का अलग२ प्रकरण में वर्णन किया जाता है।

पहिला प्रकरण।

दिल की दुष्ट प्रकृति का वर्णन।

उसके चार भेद हैं पहला यह है कि गर्म हो और उसका चिन्ह यह है कि नाडी बडी और शीघ्र और गहरी हो और बारर पलैवीं हो और छाती गर्म हो और प्यास की अधिकता, चिन्ता, घबराहट और जलन हर समय हो और ठंडी हवा से आराम पावै और देह दुबली हो इस लिये कि दिल की दुष्ट प्रकृति सब शरीर में प्रवेश होजाती है (इलाज) कपूर की टिकिया और ठंडे शर्बत जो दिलके अनुसार हों जैसे शर्बत रीबास शर्बत अनार, श्वेत चंदन इत्यादि पिलावें और चंदन, कपूर गुलाब छाती पर लगावें और मकान की हवा को ठंडा करें ठंडी सुगन्धित चीजें सुंघायें और ठंडी चीजें खवावें और जब मवाद का भर जाना कारण हो तो फसद का खोलना उचित समझें (लाभ) दिल की दुष्ट प्रकृति के भेदों में याद रखना चाहिये कि जो मवाद के कारण से हो और कोई कार्य वर्जित न हो तो पहले मवाद के निकालने का उपाय करें और जब फसद के खोलने की आवश्यकता पडे और उचित न हो तो दोनों कन्धों के मध्य में पछने लगाना चाहिये और फसद और दस्तों में ज्वर के होने और न होने की रक्षा रखनी चाहिये और जैसी आवश्यकता हो वैसी ही ठंडी चीजें ग्रहण करें जैसे जो गर्मी वि

लावे (मीठे अनारके शर्वतके बनानेकी विधि) मीठे अनारका पानी १ सेर सफेद कन्द १ सेर मिलाकर जैसा शर्वतहोताहै बनाले। दूसरा भेद यहहै कि दिलकी दुष्ट प्रकृति ठंडी हो उसका चिन्ह यहहै कि नाडी छोटी सुस्त और विरुद्ध हो और श्वास निर्मल आवे और शरीर की शक्ती कम हो जाय और रंग और मुख की चेष्टा जाती रहे और भय, डर, दुर्बलता और निश्चेष्टता उत्पन्न हो और गर्म चीजें चखने, छूने और सूंघनेमें लाभदायकहो (इलाज) दिवाल मुश्क गर्म और मुफर्रह जो मालीखोलियामें वर्णन कियागयाहै खाय और दिल को पुष्ट करने वाले शर्बत जैसे बादरजबोया शर्बत (बिल्लीलोटन का शर्बत) और ऊद का शर्बत पीवे कि उसमें केशर, कस्तूरी, अम्बर, बालछड और गुलाबके फूलहों और चकोर, मुर्गी,कबूतर तथा चिडियोंका मांसदालची नी, केसर, लौंग और ऊदसे सुगधित करके खानेकोदें और बालछड,नागरमोथा, दारूचीनी, लौंग, गुलाब के फूल, दौना मरुवा के पानी में और तुलसी, बाद रजबोया के पानी में मिला कर छाती पर लेप करें और ठंडे भोजनों से और ठंडे पानी से बचता रहे और शहद का पानी पीवे कि जिसको शहद २ भाग, गुलाब १ भाग, शारब सबये सतान मदी आग पर सबको मिलाकर बनावें तो अधिक लाभदायक है मुख्यकर जो लौंग, बालछड, ऊद, अगर केसर, जितनी उचित हो लेकर और कूट कर अलसी के टुकडे में बांधकर इस शहद के पानी में छोडदें यहांतक कि उबल जाय और उतना ही शर्बत चार तोले से सात तोले तक देवें। तीसरा भेद यह है कि सुश्क दुष्ट प्रकृति दिलमें उत्पन्न हो और उसका चिन्ह यह है कि नाडी कडी छोटी और लगातार चले और देह घुलजाय और दुबली होजाय और इस प्रकार का दुबलापन पहले से बहुत कम होता है और इसमें रोगी भय खुशी क्रोध और चिन्ता का गुण जल्द नहीं मानता और जब असर मानता है तो बडी देर तक वह गुण रहता है और नींद का न आना और सूखी खांसी का उत्पन्न होना इसके लक्षण हैं (इलाज) जौ के पानीमें बादाम का तेल मिलाकर और बूरा डालकर पीवे और भोजनों में से जो भोजन ठंडे और तर हों बनावें और जब ज्वर न हो तो ताजे दूध का पानी सब चीजों से अधिक लाभ दायक है और जिस रोगी को ज्वर हो तो जौका पाट और बादाम का तेल अति उत्तम है और खुश्की के दूर करने के लिये कीरूती अस्फर छाती पर मलना अधिक लाभ दायक है उसकी विधि यह है कि सफेद मोम को लेकर

लावे (मीठे अनारके शर्बतके बनानेकी विधि) मीठे अनारका पानी १ सेर सफेद कन्द १ सेर मिलाकर जैसा शर्बतहोताहै बनालें। दूसरा भेद वहहै कि दिलकी दुष्ट प्रकृति ठंडी हो उसका चिन्ह यहहै कि नाडी छोटी सुस्त और विरुद्ध हो और श्वास निर्मल आवे और शरीर की शक्ती कम हो जाय और रंग और मुख की चेष्टा जाती रहे और भय, डर, दुर्बलता और निश्चेष्टता उत्पन्न हो और गर्म चीजें चखने, छूने और सूंघनेमें लाभदायकहो (इलाज) दिमाल मुश्क गर्म और मुफर्रह जो मालीखोलियामें वर्णन कियागयाहै खाय और दिल को पुष्ट करने वाले शर्बत जैसे बादरजबोया शर्बत (बिल्लीलोटन का शर्बत) और ऊद का शर्बत पीवे कि उसमें केसर, कस्तूरी, अम्बर, बालछड और गुलाबके फूलहों और चकोर, मुर्गी,कबूतर तथा चिडियोंका मांसदालची नी, केसर, शीग और ऊदसे सुगंधित करके खानेकोदें और बालछड,नागरमोथा, दालचीनी, लौंग, गुलाब के फूल, दौना मरुवा के पानी में और तुलसी, बाद रजबोया के पानी में मिला कर छाती पर लेप करें और ठंडे भोजनों से और ठंडे पानी से बचता रहै और शहद का पानी पीवै कि जिसको शहद २ भाग, गुलाब १ भाग, शारब सबके समान मंदी आग पर सबको मिलाकर बनावें तो अधिक लाभदायक है मुख्यकर जो लौंग, बालछड, ऊद, अगर केसर, जितनी उचित हो लेकर और कूट कर अलसी के टुकडे में बांधकर इस शहद के पानी में छोडदें यहांतक कि उबल जाय और उतना ही शर्बत चार तोले से सात तोले तक देवै। तीसरा भेद यह है कि खुश्क दुष्ट प्रकृति दिलमें उत्पन्न हो और उसका चिन्ह यह है कि नाडी कडी छोटी और लगातार चले और देह घुलजाय और दुर्बल होजाय और इस प्रकार का दुबलापन पहले से बहुत कम होता है और इसमें रोगी भय खुशी क्रोध और चिन्ता का गुण जल्द नहीं मानता और जब असर मानता है तो बडी देर तक वह गुण रहता है और नींद का न आना और सूखी खांसी का उत्पन्न होना इसके लक्षण हैं (इलाज) जौ के पानीमें बादाम का तेल मिलाकर और पूरा डालकर पीवे और भोजनों में से जो भोजन ठंडे और तर हों खावें और जब ज्वर न हो तो ताजे दूध का पानी सब चीजों से अधिक लाभ दायक है और जिस रोगी को ज्वर हो तो जौका पाट और बादाम का तेल अति उत्तम है और खुश्की के दूर करने के लिये कीरुती अरसनर छाती पर मलना अधिक लाभ दायक है उसकी विधि यह है कि सफेद मोम को लेकर

वह है कि शरीर में इतना रुधिर बढ़जाय कि उससे शरीर के अवयव बढ़जाय यद्यपि उसमें सड़ाहट नहो परन्तु भर जाने के कारण से दिल में घबराट उत्पन्न करै और उसका चिन्ह यह है कि खून की अधिकता के चिन्ह प्रगट हों जैसे रगों का खिंचना और फूलजाना, नाड़ी का बड़ा होना, मूत्र का गाढ़ा होना और अगों में थकान आदि होते हैं (इलाज) बासलीक की फसद बायें हाथ में खोलें जिससे बहुत जल्द लाभ प्राप्त हो तथा दही और कपूर की टिकिया खाय और भोजनों में से बिना मांस के भोजें पर संतोष करें और जो कोई कार्य फसद को वर्जित हो तो पिंडलियों पर और उसके उपरान्त दोनो कन्धों के मध्य में पछने लगवावें और वीर्य का निकलना कि उसके पीछे थकान नहो अधिक लाभ दायक है और समानता के लिये जो कुछ गर्म हुए प्रकृति में वर्णन कियागया है वह लाभदायक है (कहावत) एक मनुष्य प्रति वर्ष धड़कन के रोग में फसजाया करता था और हकीम जालीनूस उसकी फसद खोला करता था चौथे वर्ष धड़कन होने से पहले फसद खोली फिर धड़कन न हुई। और जो प्रकृति में गर्मी की अधिकता हो तो जो कुछ पित्त की घबराहट में ठंडे उपायों का वर्णन आवेगा वही काम में लावें परन्तु जो शक्ति निर्बल हो तो ... और ठंडे शर्बत असली गर्मी को हानि पहुचाते हैं फिर थोड़ासा ... इलायची महीन पीसकर भोजन और शर्बतों में मिलावें। तीसरा ... पित्त ... का ...

आकर धड़कन का ... उसका ...
प्यास की अधिकता अ... तथा अन्य ...
यह रोग बहुत कम ... (इलाज) ... पित्त ...
कु का काढ़ा बनफशा ... का ...
गर्मी को संतुष्ट करें और ... तो वे ...
काले और चंदनी पोशाक ... गर्मी
कि दिल में फुन्सी और ...
द ... रत्ती, कपूर २ रत्ती,
हैं और जो कुछ सूनी में वर्णन
इन दोनों प्रकारों का एक ही इ...
में बहुतसा खून निकलें और पि...

वह है कि शरीर में इतना रुधिर बढ़जाय कि उससे शरीर के अवयव बढ़जाय यद्यपि उसमें सड़ाहट नहो परन्तु भर जाने के कारण से दिल में घबराट उत्पन्न करै और उसका चिन्ह यह है कि खून की अधिकता के चिन्ह मगट हों जैसे रगों का खिचना और फूलजाना, नाड़ी का बड़ा होना, मूत का गाढ़ा होना और अगों में थकान आदि होते हैं (इलाज) बासलीक की फसद बायें हाथ में खोलें जिससे बहुत जल्द लाभ प्राप्त हो तथा दही और कपूर की टिकिया खाय और भोजनों में से बिना मास के शोर्बे पर संतोष करें और जो कोई कार्य फसद को वर्जित हो तो पिंडलियों पर और उसके उपरान्त दोनो कन्धों के मध्य में पछने लगवावें और वीर्य का निकलना कि उसके पीछे थकान नहो अधिक लाभ दायक है और समानता के लिये जो कुछ गर्म दुष्ट प्रकृति में वर्णन कियागया है वह लाभदायक है (कहावत) एक मनुष्य प्रति वर्ष धड़कन के रोग में फसजाया करता था और हकीम जालीनूस उसकी फसद खोला करता था चौथे वर्ष धड़कन होने से पहले फसद खोली फिर धड़कन न हुई। और जो प्रकृति में गर्मी की अधिकता हो तो जो कुछ पित्त की घबराहट में ठंड उपायों का वर्णन आवेगा वही काम में लावें परन्तु जो शक्ति निर्बल हो तो ... और ठंडे शर्बत असली गर्मी को हानि पहुचाते हैं फिर थोड़ासा ... इलायची महीन पीसकर भोजन और शर्बतों में मिलावें। तीसरा ... पित्त ...

आकर धड़कन का ... उसका ... का ...
प्यास की अधिकता ... तथा अन्य ...
यह रोग बहुत कम ... (इलाज) ... पित्त ...
कु का काढ़ा धनकशा ... का
गर्मी को संतुष्ट करें और ... तो ये
खालें और चंदनी पोशाक ... गर्मी
कि दिल में कुन्सी और ...
द रत्ती, कपूर २ रत्ती,
है और जो कुछ सूनी में वर्णन
इन दोनों प्रकारों का एक ही इ...
में बहुतसा खून निकले और पि...

कि कफ का मवाद धडकन का कारण हो और बहुधा इस कारण से होता है कि रतूवत दिल में जम जाती है और जानना चाहिये कि दिल के रोगों का मवाद दिलकी रगों में होता है या उसकी झिल्लीके भीतर होता है सो जो मवाद दिल और झिल्ली के समीप होता है वह बहुधा तरी होती है और जो बादी का मवाद दिलकी रगोंमें होता है उसको सुदा कहते हैं और दिलके कानों की सूजन में इस विवादका वर्णन किया जायगा और जो धडकन कि कफ के कारण से हो उसका यह चिन्ह है कि श्वास में तंगी आजाय और नाड़ी नर्म हो जाय और नामर्दी और अचेतता की सी दशा प्रगट हो और रोगी यह समझे कि उसका दिल पानी में डूब जाता है (इलाज) पहिले इस्तमखीकून की गोली से जिसमें यारज मिला हो अथवा हुब्ब कोकाया से मवाद को निकालें और जो यारजफयकरा और अफतीमून महीन पीसकर ३॥ माशे शहद की यनी शिकञ्जबीन में मिलावें और खवावें तो लाभदायक है जो रतूवत हो तो यारज लौगाजिया और स्यादरीतूस देना उचित है और जिस मनुष्य को वमन करावें तो मवाद के निकलने के पीछे दिवालमुश्क मउमी और मीठी और माजून आराम देने वाली गर्म देनी चाहिये। स्यादरीतूस एक माजून है जो हकीमों ने जालीनूस से पहिले एक बादशाह के लिये बनाई थी और उसी के नाम पर इस माजून का नाम रक्खागया है उसकी विधि यह है एलुआ ५२॥ माशे, गारीकून ७० माशे, केसर, दालचीनी, बन, मस्तगी, बिलसांका तेल प्रत्येक १०॥ माशे, रेवन्द चीनी ५। माशे, ऊदबिलसां करफयून, काली और सफेद मिर्च, पीपल, रूमी पखान, भेद, बिल्सां की गोली, सेव, अजखर, हमामा प्रत्येक ७ माशे, कमादरी तूस, कुटकी, अफती मून प्रत्येक १४ माशे, उसारून, तज, सकमूनियां, प्रत्येक २१ माशे, बालछड़ १२ माशे इन दवाओं को महीन पीस कर बिल्सां के तेल में चिकना करले और सब दवाओं से तेल में तिगुना शहद मिला कर माजून बनाले इसकी मात्रा १८ माशे की है और इसकी शक्ति चार बरस तक बाकी रहती है अब एक लेप की विधि लिखते हैं जो ठंडी भडकन को दूर करता है। कूठ बालछड़, दालचीनी, केशर सबको महीन पीस के मौलसरी के पानी और तुल्सी की शराब में मिला कर दिलपर लगावें और जानलें कि ठंडी धड़कनके साथ तरी हो या न हो केवल शराब रिहानी थोडी दे सक्ते हैं यह और चीजों से विशेष लाभदायक है। (ठंडी धड़कन वाले का अपथ्य [illegible]) कहरवा,

कि कफ का मवाद धड़कन का कारण हो और बहुधा इस कारण से होता है कि रतूबत दिल में जम जाती है और जानना चाहिये कि दिल के रोगों का मवाद दिलकी रगों में होता है या उसकी झिल्लीके भीतर होता है सो जो मवाद दिल और झिल्ली के समीप होता है वह बहुधा तरी होती है और जो वादी का मवाद दिलकी रगोंमें होता है उसको सुद्दा कहते हैं और दिलके कानों की सूजन में इस विवादका वर्णन किया जायगा और जो धड़कन कि कफ के कारण से हो उसका यह चिन्ह है कि श्वास में तंगी आजाय और नाड़ी नर्म हो जाय और नामर्दी और अचेतता की सी दशा प्रगट हो और रोगी यह समझे कि उसका दिल पानी में डूब जाता है (इलाज) पहिले इस्तमखीकून की गोली से जिसमें यारज मिला हो अथवा हुब्ब कोकाया से मवाद को निकालें और जो यारजफयकरा और अफतीमून महीन पीसकर ३॥ माशे शहद की घनी शिकज़बीन में मिलावें और खवावें तो लाभदायक है जो रतूबत हो तो यारज लोगाज़िया और स्यादरीतूस देना उचित है और जिस मनुष्य को वमन करावें तो मवाद के निकलने के पीछे दिवालमुश्क कड़वी और मीठी और माजूम आराम देने वाली गर्म देनी चाहिये। स्यादरीतूस एक माजून है जो हकीमों ने जालीनूस से पहिले एक बादशाह के लिये बनाई थी और उसी के नाम पर इस माजून का नाम रक्खागया है उसकी विधि यह है एलुआ ५२॥ माशे, गारीकून ७० माशे, केसर, दालचीनी, बन, मस्तगी, बिलसांका तेल प्रत्येक १०॥ माशे, रेवन्द चीनी ५। माशे, ऊदबिल्सां करफयून, काली और सफेद मिर्च, पीपल, रूमी पत्रान, मेद, बिल्सां की गोली, सेव, अजखर, हमामा प्रत्येक ७ माशे, कमादरी तूस, कुटकी, अफ्तीमून प्रत्येक १४ माशे, उसारून, तज, सकमूनियां, प्रत्येक २१ माशे,बालछड़ १२ माशे इन दवाओं को महीन पीस कर बिल्सां के तेल में चिकना करले और सब दवाओं से तेल में तिगुना शहद मिला कर माजून बनालें इसकी मात्रा १८ माशे की है और इसकी शक्ति चार बरस तक बाकी रहती है अब एक लेप की विधि लिखते हैं जो ठंढी धड़कन को दूर करता है। कूठ बालछड़, दालचीनी, लेफर सबको महीन पीस ले मौल्सरी के पानी और तुरसी की शराब में मिला कर दिलपर लगावें और जानलें कि ठंढी धड़कनके साथ तरी हो या न हो केवल शराब रिहानी थोड़ी दे सक्ते हैं यह और चीजों से विशेष लाभदायक है। (ठंढी धड़कन वाले का पथ्य[illegible]) कहरुबा,

यह है तुर्बुद, अफ्तीमून, सनाय मक्की, पित्त पापड़ा, प्रत्येक १ भाग एल्वा २ भाग, लाजवर्द मगसूल, दो तिहाई मस्तगी १ भाग, गुलाबके फूल तिहाई भाग यह सब आठ दवा हैं इनको महीन पीसकर मीठे सेव के पानी में गोलियां बनालें इसकी मात्रा १४ माशे है और जो रोग का मवाद केवल बादी हो तो हुक्न सवियार दें जिससे दिमाग और दिल के ओर पासको पवित्र करदें । ऐसे जुलाब की विधि जो बादी के मवाद को पवित्र करता है । छोटी हरड़ बड़ी हरड़, प्रत्येक ३॥ माशे, अफ्तीमून, लौंग प्रत्येक १॥। माशे, दिबाल बुस्क कड़वी, १०॥ माशे, इन पांचो भागों को मिलाकर तीन दिन तक रक्खें जिससे अच्छी तरह मिलजांय फिर शराब रिहानी में घोरकर ग्रहण करें और किसी २ नुसखों में लौंग की जगह हिजरे अरमनी ३ रत्ती पड़ा हुआ है और इसमें गुनगुने पानी से न्हाना लाभदायक है शेष उपाय माली खोलिया के प्रकरण से मालूम होंगे । छटा भेद यह है कि शरीर से बहुत सा खून या वीर्य के निकलने या निकालने का काम पड़े या कोई दोष विशेष निकल जाय या खाने पीने से निकम्मा उपाय प्रगट हो और खून बहुत कम उत्पन्न और पतला हो और बिगड़ जाय और धड़कन उत्पन्न करे और जब शरीर से कोई तरी विशेष निकलती है तो दिलमें निर्बलता बढ़जातीहै और जब दिल निर्बल हो जाताहै तो दिल प्रत्येक छोटी वस्तुका गुण ग्रहण करता है यहां तक कि भोजन की भाफ के परमाणुओं से कष्ट पाता है और घबड़ा जाता है हकीम शेखबू अलीसिनाने कहा है निस्सन्देह प्रत्येक प्रकृति अधिक निर्बलता का कारण है और जो निर्बलता कि दिल में उत्पन्न होती है जब तक कि उस में शक्ति बाकी है घबड़ाया करता है जैसे कि अपने ऊपर से कष्ट को दूर करता है फिर इसी का नाम धड़कन है (इलाज) जैसा कारण हो वैसाही इलाज है जो कुछ कि उसको हानिकारक है उसके काम में लाने से रोगी को रोक दे और जो कारण प्रगट हो तो उसके नष्ट करने में परिश्रम करे फिर खून के उत्पन्न होने के लिये अच्छे भोजन खवावे और जो कुछ कि लाभ दायक हो ग्रहण करे और दिल को आराम पहुंचाने वाली दवाओं के काम में लाने का यत्न करे । सातवां यह है कि दिल की ज्ञानशक्ति तेज और बलवान हो जाय इस कारण से जो थोड़ासा भी कष्ट उसमें पहुंचे तो उसका असर शीघ्र ग्रहण करले और उसके उपाय के लिये घबड़ायें जैसे गर्म और ठंडी दवा, भय, प्रसन्नता, चिन्ता यद्यपि कम

